हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 01.04.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 244 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## नालंदा के शीतला मंदिर में मची भगदड़

# 9 महिला श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

**बिहारशरीफ :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बिहारशरीफ के मघड़ा स्थित प्रसिद्ध माता शीतला देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान अचानक मची भगदड़ में कम से कम 9 महिला श्रद्धालुओं की जान चली गई। हादसे में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने मंदिर को फिलहाल आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया है। एएसपी नूरुल हक ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और राहत कार्य जारी है।

### नेताओं ने जताया शोक

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी:** नालंदा में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार:** मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। घायलों के समुचित इलाज और राहत कार्य के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

**तेजस्वी यादव:** पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इसे प्रशासनिक कुव्यवस्था बताते हुए उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



### कैसे हुआ हादसा?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार का दिन होने के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। सुबह करीब पूजा के समय अचानक धक्का-मुक्की शुरू हुई, जिसने देखते ही देखते भगदड़ का रूप ले लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे।

### मुआवजे की घोषणा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को कुल 6 लाख रुपये (4 लाख आपदा प्रबंधन विभाग और 2 लाख मुख्यमंत्री राहत कोष से) देने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की।

### सीसीटीवी खंगालने के निर्देश

इस पूरे मामले की गहन जांच की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसएचओ को किया गया सस्पेंड



नालंदा के शीतला मंदिर हादसे के बाद डीजीपी ने जांच में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की गंभीर लापरवाही उजागर की है। एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि मंदिर की खराब संरचना और बुनियादी सुविधाओं की कमी को हादसे की बड़ी वजह माना गया। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

## एक नजर

### दिल्ली जा रही फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के बागडोगरा (सिलीगुड़ी) से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल से धुआं निकलने के कारण लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्री य हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल (एवियोनिक्स बे) में धुआं देखे जाने के बाद आपात स्थिति में लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया।

### मकान में केमिकल ब्लास्ट, 5 की मौत

**सूरत :** गुजरात के सूरत के लिंबायत क्षेत्र में मीठी खाड़ी के पास स्थित एक मकान में केमिकल में विस्फोट होने से भीषण आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। बताया गया एक घर में साड़ियों का काम होता था, जिसके चलते वहां ज्वलनशील केमिकल रखा गया था। केमिकल में अचानक ब्लास्ट होने से घर में जबरदस्त आग लग गई। इस हादसे में पांच लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### भाजपा में शामिल हुए लिएंडर पेस

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सांसद अनिल बलूनी की मौजूदगी में लिएंडर पेस ने भाजपा की सदस्यता ली। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा ने लिएंडर पेस को पार्टी में शामिल कराकर तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया है।

### हैती में हथियारबंद गिरोह ने ली 70 की जान

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस :** भीषण हिंसा से जूझ रहे कैरेबियाई देश हैती में हथियारबंद गिरोह ने हमला कर कम-से-कम 70 लोगों की जान ले ली। 30 से अधिक लोग हमले में घायल हैं जिनमें कई की हालत काफी गंभीर है। हैती के प्रमुख कृषि क्षेत्र आर्टिबोनिट में पेटिट-रिविएर के पास हुए इस हमले के दौरान 50 से अधिक घर जल कर राख हो गए।

### यूएन अधिकारी मोहम्मद सफा का इस्तीफा

**न्यूयॉर्क/तेहरान :** संयुक्त राष्ट्र से जुड़े अधिकारी मोहम्मद सफा ने ईरान पर संभावित परमाणु हमले की आशंका जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि तेहरान पर बड़े पैमाने पर हमले की योजना बनाई जा रही है।

सीएम ममता बनर्जी ने चुनाव आयुक्त को फिर लिखा पत्र, बोली

## बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है, जिससे असली वोटरों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

### फर्जी वोटरों का आरोप

ममता बनर्जी ने अपने पत्र में कहा कि बंगाल में लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ एक बड़ी साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग हजारों फर्जी फॉर्म-6 आवेदन जमा कर बाहरी लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की रणनीति पहले महाराष्ट्र और दिल्ली में भी अपनाई गई थी।



### एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल

ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अभी भी 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता जांच प्रक्रिया में फंसे हैं, जबकि बड़ी संख्या में फर्जी आवेदन तेजी से स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया के कारण अब तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिसे उन्होंने बेहद चिंताजनक बताया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के बाद कोई नया नाम शामिल न किया जाए।

## प. बंगाल चुनाव: भाजपा ने जारी की 13 उम्मीदवारों की चौथी सूची

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपने 13 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। इस नई फेहरिस्त में पार्टी ने उत्तर बंगाल की महत्वपूर्ण मैनागुड़ी सीट पर अपना उम्मीदवार बदलते हुए रणनीति में बदलाव के संकेत दिए हैं।

**अन्य नाम:** सोमा ठाकुर (बागदा-एससी), आशुतोष बर्मा (सीताई-एससी), गिरिजा शंकर रॉय (नटबारी), और पीयूष कांतिल दास (चांदीपुर) भी चुनावी रण में उतरेंगे।



### मैनागुड़ी में चेहरा बदला, इन चेहरों पर लगाया दांव

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने मैनागुड़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में घोषित उम्मीदवार कौशिक रॉय के स्थान पर अब डालिम रॉय को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अतिरिक्त, सूची में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए नामों की घोषणा की गई है: प्रमुख उम्मीदवार: चौरंगी से संतोष पाठक, हावड़ा दक्षिण से श्यामल हाती, और सोनारपुर उत्तर से देबाशीष धर को टिकट दिया गया है।

### अब तक 287 उम्मीदवारों के नाम तय

भाजपा ने बंगाल की 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए अब तक कुल 287 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है।

### ज्वेलर्स दुकान में 23 लाख की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के उलीडीह थाना क्षेत्र में एक शातिर युवक ने बेहद चालाकी से ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण उड़ा लिए। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे शंकोसाई रोड नंबर-1 स्थित हरि मंदिर के सामने विश्वनाथ ज्वेलर्स दुकान में हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दुकान मालिक विश्वनाथ दत्ता ने बताया कि घटना के समय वह किसी काम से बाहर थे और दुकान पर उनका बेटा अभिजीत मौजूद था। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचा और गहने दिखाने को कहा। अभिजीत उसे अलग-अलग आभूषण दिखाने लगा। बातचीत के दौरान युवक ने उसे अपने झांसे में उलझा लिया और मौका देखकर सोने से भरा एक डिब्बा चुपचाप लेकर फरार हो गया।

## 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**छत्तीसगढ़ :** बस्तर रेंज के चार जिलों में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है।

बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया। यहां से कुल 93 हथियार बरामद हुए, जिनमें चार एके-47 और नौ एसएलआर राइफलें शामिल हैं। बीजापुर में कुल 14.06 करोड़ रुपये की डंप रिकवरी भी हुई है। इसमें 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.2 किलोग्राम सोना शामिल है। बरामद सोने की कीमत 11.16 करोड़ रुपये आंकी गई है।



### दंतेवाड़ा में पांच कैडर गिरफ्तार

दंतेवाड़ा जिले में पांच कैडर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आठ एसएलआर सहित अन्य कई हथियार मिले हैं। सुकमा जिले में दो कैडर पकड़े गए। यहां से एक एलएमजी, दो एके-47 और 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए। नारायणपुर जिले में एक कैडर को एक एलएमजी के साथ पकड़ा गया।

### लाखों का डोडा और अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नामकुम इलाके से 85 लाख रुपये का डोडा, 3.50 लाख के अफीम के साथ ढाई लाख रुपये नकद बरामद करने में सफलता हासिल की हैं। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने मंगलवार को बताया कि एसएसपी राकेश रंजन को मिली सूचना के आधार पर नशे के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। डोडा और अफीम की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह के सदस्य मनीष तिर्की को रांची के नामकुम इलाके से गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थानान्तर्गत ग्राम-बुदरी में एक गिरोह के द्वारा अफीम एवं डोडा की तस्करी की जा रही है।

## एनएफआर ने हासिल की कनेक्टिविटी और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

एजेंसी

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिससे पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिकीकरण, यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है। अपने विस्तार अभियान के तहत, एनएफआर ने



20 जोड़ी नई ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं जिनमें प्रीमियम, सेमी-प्रीमियम और पारंपरिक ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों की सेवा से इस क्षेत्र के साथ-साथ देश के बाकी हिस्सों के लिए रेल कनेक्टिविटी और भी अधिक सुदृढ़ हुई है।

## कुवैत के तेल टैंकर पर हमला, ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में संकट दिन-ब-दिन और भयानक होता जा रहा है। आसमान मिसाइलों से जल रहा है, जमीन धमाकों से कांप रही है और हर दिन नयी तबाही का खतरा अलग से। अमेरिका और इस्राइल का ईरान के साथ जारी ये संघर्ष अपने 32वें दिन में प्रवेश कर चुका है



और संकट अभी भी बरकरार है। देखा जाए तो अब यह युद्ध केवल सीमाओं तक नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया को डर और चिंता में डाल चुका है। हालात अब नियंत्रण से बाहर हैं और कोई समाधान फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा।

ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इस्राइल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया।

## टोल प्लाजा पर अब नहीं चलेगा कैश

### आज से केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान होगा मान्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल से जुड़े नियमों में बदलाव किया है और अब एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर डिजिटल भुगतान ही मान्य होगा, यानी अब हाइवे यूजर्स कैश में टोल का भुगतान नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के मुताबिक, एक अप्रैल से यात्री केवल टोल प्लाजा पर डिजिटल माध्यम जैसे फास्टैग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर पाएंगे।

इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली में दक्षता बढ़ाना और पारदर्शिता लाना है।

अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी, जिससे लंबी कतारें कम होंगी और यात्रा का समय बचेगा।

कैश लेन को हटाने से अधिकारियों को उम्मीद है कि यातायात खासकर व्यस्त समय में सुचारू रूप से चलेगा।



टोल बूथों पर तेजी से प्रोसेसिंग से ईंधन की खपत और वाहन उत्सर्जन में भी कमी आने की संभावना है, जिससे स्वच्छ पर्यावरण में योगदान मिलेगा।

हालांकि, इस बदलाव से कुछ यात्रियों को असुविधा हो सकती है, खासकर उन लोगों को जो डिजिटल भुगतान के लिए तैयार नहीं हैं।

वैध फास्टैग या पर्याप्त बैलेंस न होने पर वाहनों पर जुर्माना लग सकता है या उन्हें टोल प्लाजा पर रोका भी जा सकता है।

ऐसे मामलों में, यात्रियों के पास टोल बूथों पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से तुरंत भुगतान करने का विकल्प होगा।

लेकिन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नेटवर्क संबंधी समस्याओं के कारण कभी-कभी ये लेनदेन प्रभावित हो सकते हैं, जिससे देरी हो सकती है।

### गुजरात के साणंद में केयन्स सेमीकॉन प्लांट का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन, कहा

# 'मेक इन इंडिया' के सपनों को मिली नई ताकत

एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद (जीआईडीसी) में केयन्स सेमीकॉन के अत्याधुनिक प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के संकल्प को दोहराते हुए इसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर सप्लायर बन रहा है। उन्होंने बताया कि देश का सेमीकंडक्टर बाजार, जो वर्तमान में 50 अरब डॉलर का है, इस दशक के अंत तक 100 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। संबोधन के दौरान पीएम ने 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' और तटीय राज्यों (ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल) को जोड़ने वाले 'रेयर अर्थ कॉरिडोर' का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार खनन से लेकर रिफाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग तक की एक पूरी 'फुल-स्टैक' इकोसिस्टम विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को माइक्रोन टेक्नोलॉजी के प्लांट में उत्पादन शुरू होने के ठीक एक महीने बाद, 31 मार्च को केयन्स प्लांट का उद्घाटन भारत की प्रशासनिक गति को दर्शाता है। अश्विनी वैष्णव ने भी इस मौके पर कहा कि यह प्लांट मात्र 14 महीनों में तैयार होकर उत्पादन के लिए तैयार है।



### प्रमुख बातें

**उत्पादन क्षमता:** पूर्ण संचालन पर प्रतिदिन 6.33 मिलियन यूनिट्स

**तकनीकी विशेषता:** एडवांस इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल्स का निर्माण, जो ऑटोमोबाइल और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए संजीवनी हैं।

**वैश्विक पहुंच:** यहाँ निर्मित चिप्स का निर्यात कैलिफोर्निया स्थित 'अल्फा एंड ओमेगा सेमीकंडक्टर' को किया जाएगा।

**निवेश और मिशन:** इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 6 राज्यों में 1.60 लाख करोड़ के 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम जारी।

# रामकुमार साव की हत्या की आरोपियों की हुई गिरफ्तारी, पुलिस ने किया उद्भेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के पेलावल ओ०पी० क्षेत्र अतंर्गत गदोखर में दिनांक 27/28.03.26 को रामनवमी जुलूस के दौरान रामकुमार साव पिता स्व० नेमन साव ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओ०पी० जिला हजारीबाग का निर्मम हत्या की गई थी, जिसमें पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल अपराधकर्मियों को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गदोखबर शिवमंदिर से रामनवमी का शोभायात्रा बहुत ही शांति पूर्ण तरीके निकला था, शोभायात्रा में करीब एक से सवा सौ ग्रामीण



शामिल थे। जब शोभायात्रा गदोखर कब्रिस्तान मोड से पगार चौक होते हुए लौट रही थी इसी बीच करण कुमार यादव, नितेश यादव, अभिषेक यादव और अरूण यादव चारों ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओ०पी० जिला-हजारीबाग के द्वारा षड्यंत्र के तहत शोभायात्रा में शामिल रामकुमार साव पिता-स्व० नेमन साव ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओ०पी० जिला हजारीबाग को निर्ममता पूर्वक भुजाली से पेट में ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दिया गया तथा हत्या कर अभियुक्तगण फिरार हो गये। घटना के उपरांत वादी नारायण साव पिता स्व० नेमन साव ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओ०पी० जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के चारों नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध रामकुमार साव की हत्या के आरोप में कटकमसाडी (पे०) थाना कांड सं0-60/26 दिनांक-103 (1)/61(2) बी०एन०एस को दर्ज किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु ओ०पी० प्रभारी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया तथा गठित एसआईटी टीम के द्वारा रामकुमार साव के हत्या में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु में लगातार छापामारी अभियान चलाकर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त करण कुमार यादव और नितेश कुमार यादव को दिनांक 31.03.26 को कण्डसार रेलवे स्टेशन से एवं अभियुक्त अरूण यादव को भी दिनांक'-31.03.26 को छड़वा डैम काली मंदिर के पीछे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर अभियुक्त अरूण यादव के घर के छत्त के उपर वाला कमरा से हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ एक भुजाली को बरामद किया गया। जिससे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया।

## एक नजर

### अमरदीप यादव को मिला बीजेपी झारखंड प्रदेश मंत्री का दायित्व



**हजारीबाग :** झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यकारिणी में हजारीबाग के कर्मठ और पार्टी के लिए निष्ठावान नेता अमरदीप यादव को प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन बीजेपी के इस नियुक्ति के साथ ही हजारीबाग के राजनीतिक गलियारे में हर्ष और उत्साह का संचार हो गया है। इस उपलब्धि पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय में अमरदीप यादव का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने अमरदीप को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया और संगठन की इस नई एवं चुनौतीपूर्ण पारी के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

### ग्रामीणों ने शराब बिक्री नहीं करने का लिया निर्णय



**बड़कागांव :** ग्राम मरदु सोती के शिव मंदिर प्रांगण में समाजसेवी विनोद यादव के मार्गदर्शन पर समाज के अध्यक्ष अजय कुमार रजवार की अध्यक्षता में नशा उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। गांव में किसी प्रकार का मादक पदार्थ बिक्री नहीं करने का निर्णय लिया गया। किसी व्यक्ति के द्वारा बिक्री करते पाए, जाने पर आर्थिक सामाजिक दंड की प्रावधान किया गया। यह निर्णय गांव के सभी महिला पुरुष पारित किया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष अजय रजवार, वार्ड सदस्य शीला देवी, सीता देवी घनश्याम रजवार,दिलीप रजवार, नारायण रजवार, सुरेंद्र रजवार, लोकन रजवार के अलावे सैंकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

### रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष लड्डू यादव को मिला सम्मान

**चौपारण :** सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले हजारीबाग महारामनवी पूजा समिति के अध्यक्ष लड्डू यादव को चौपारण प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा रामनवमी जैसे बड़े पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बिरेन्द्र रजक ने कहा कि लड्डू यादव ने अपने नेतृत्व में समिति को संगठित रखते हुए अनुशासित और भव्य आयोजन सुनिश्चित किया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह अभिभावकों को मिला जिम्मेदारी का संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को मेधावी छात्रों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें अभिभावकों को केवल दर्शक के रूप में नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण में सक्रिय भागीदार के रूप में जोड़ने का प्रयास किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को प्रभावी पैरेंटिंग, बच्चों का मनोबल बढ़ाने तथा उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के उपायों की जानकारी दी, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने काफी सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं अभिभावक रणजीत चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में माता-पिता और शिक्षक की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करें, तो उनका भविष्य उज्ज्वल बन सकता है। उन्होंने विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स तथा +2 के साथ जेईई मेन, एडवांस, सीयूईटी, एनडीए और क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराए जाने की सराहना की। उन्होंने इसे क्षेत्र के छात्रों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय बच्चे भी आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

## एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में प्रेस मीट, प्रगति और भविष्य की योजनाएं रखी गईं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में मंगलवार को एक प्रेस मीट आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अरुण कुमार सक्सेना, हेड ऑफ प्रोजेक्ट ने किया। उनके साथ सुभ्रांशु शेखर मिश्रा, जीएम , विभिन्न विभागों के प्रमुख और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारीबाग और बरकागांव के मीडिया प्रतिनिधियों की अच्छी भागीदारी रही। प्रेस मीट के दौरान बादम सीएमपी टीम ने परियोजना की प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।अब तक प्राप्त उपलब्धियों , वर्तमान में चल रहे कार्यों और आने वाले समय की योजनाओं को स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से मीडिया के सामने रखा गया।परियोजना के विकास, बुनियादी ढांचे की प्रगति तथा आगे की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों ने परियोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे। अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया और आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अरुण कुमार सक्सेना परियोजना प्रमुख ने मीडिया के निरंतर सहयोग और सकारात्मक भूमिका के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से परियोजना की सही जानकारी आम जनता तक पहुंचती है, जो पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करती है। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक और सार्थक संवाद के साथ हुआ।इस प्रेस मीट से परियोजना टीम और मीडिया के बीच बेहतर तालमेल और समझ विकसित हुई।

## बी आर आंबेडकर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** मलकोको में संचालित डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार वर्ग नर्सरी से प्रथम श्रेणी आयत नाज, द्वितीय श्रेणी मायरा प्रवीण, तृतीय श्रेणी आयान रजा, वर्ग एलकेजी से प्रथम श्रेणी दैविक कुमार, द्वितीय श्रेणी से सुहानी कुमारी, तृतीय श्रेणी से आयान रजा, वर्ग यूकेजी से प्रथम श्रेणी आयशू कुमारी, द्वितीय श्रेणी राशि कुमारी, तृतीय श्रेणी हसमत अंसारी ने प्राप्त किया। इसी तरह वर्ग पहला से प्रथम श्रेणी दिव्यांश कुमार, द्वितीय श्रेणी स्वीटी कुमारी, तृतीय श्रेणी से सागर दास, वर्ग दूसरा से प्रथम श्रेणी अंकित राज, द्वितीय श्रेणी नंदन कुमार, तृतीय श्रेणी से विक्की कुमार, वर्ग तीसरा से



प्रथम श्रेणी कोमल कुमारी, द्वितीय श्रेणी से संजना कुमारी ,तृतीय श्रेणी से पियूष कुमार, वर्ग चौथा से प्रथम श्रेणी स्वेता कुमारी, द्वितीय श्रेणी से अनीश राणा, तृतीय श्रेणी से अरविन्द राणा, वर्ग पंचम से प्रथम श्रेणी सुमित राणा, द्वितीय श्रेणी सुहाना प्रवीण, तृतीय श्रेणी से इमरान अंसारी, वर्ग छठा से प्रथम श्रेणी नंदनी कुमारी, द्वितीय श्रेणी सुमन कुमारी, तृतीय श्रेणी गुंजन कुमारी, वर्ग सप्तम से प्रथम श्रेणी प्रिन्स कुमार, द्वितीय श्रेणी रोहित दास, तृतीय श्रेणी अरविन्द चौधरी, वर्ग अष्ट्म से प्रथम श्रेणी चन्दन कुमार, द्वितीय श्रेणी आयुष कुमार, तृतीय श्रेणी तनवीर आलम, वर्ग नवम से प्रथम श्रेणी शिवा राणा, द्वितीय श्रेणी आयुष दास, तृतीय श्रेणी तरन्नुम प्रवीण ने प्राप्त की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय के निदेशक दिनेश यादव, प्राचार्य गुलाब दास एवं सूरज दास सहित सभी शिक्षकों ने रिपोर्ट कार्ड देकर उनका हौसला वर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना सम्बोधन में बच्चों सफलता का मन्त्र दिए। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मेहनत की उनका अच्छा रिजल्ट हुआ है। वही विद्यालय के निर्देशक दिनेश कुमार यादव ने कहा की बिना अभिभावक के सपोर्ट बिना स्कूल नही चल सकता।

## बरही के भामाशाह विद्यालय में आचार्य कार्यशाला आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही स्थित भामाशाह विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय आचार्य कार्यशाला के अंतिम दिन हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह की उपस्थिति से समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी में हर्ष का माहौल देखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय द्वारा वार्षिक कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुई। उन्होंने भैया-बहन, आचार्य-दीदी, समिति, समाज एवं पोषित ग्रामों के समग्र विकास को लेकर विस्तृत योजना साझा की। कार्यशाला में आचार्य संजीव कुमार सिंह ने शिक्षा प्रणाली पर अपने विचार रखे, वहीं प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी ने पंचपदी शिक्षा पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डाला। आचार्य धीरज कुमार एवं मुकेश कुमार ने अंग्रेजी शिक्षा के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निर्भय कुमार सिंह ने एलटीएम/टीएलएम के पठन-पाठन में प्रभावी उपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि सुरेन्द्र कुमार ने संस्कार केंद्र के विकास में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने पंचपदी शिक्षा पद्धति के पांच पद अधिति, बोध, अभ्यास, प्रयोग एवं प्रसार पर क्रमबद्ध जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी राजू कुमार ने अपना विद्यालय सबसे अच्छा विद्यालय कैसे बने विषय पर मार्गदर्शन दिया तथा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं विद्या भारती की विभिन्न कार्यप्रणालियों पर भी प्रकाश डाला।

## रामनवमी में सूर्य मंदिर कुशवाहा समाज की झांकी को मिला प्रथम स्थान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव में रामनवमी की निकाली गई झांकी व जुलस शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सभी 15 अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक झांकी व जुलूस प्रस्तुत किया। सोमवार देर शाम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया जिसका संचालन तापेश्वर कुमार तापस एवं संजय सागर ने किया । रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में झांकी व जुलूस का मूल्यांकन विनोद सिन्हा, रितेश ठाकुर व सांवरमल अग्रवाल द्वारा किया गया। झांकी का संदेश, लाइटिंग, साउंड, ताशापार्टी, शिष्टाचार, लाठी तलवार, भाला की करतब दिखलाने के अलावा अन्य चीजों की अवलोकन कर मूल्यांकन, कर अंक दिए गए। मुख्य अतिथि बड़कागांव इंस्पेक्टर ललित कुमार, विशिष्ट अतिथि आजसू नेता केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा व अन्य उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसमें प्रथम



पुरस्कार बड़कागांव सूर्य मंदिर कुशवाहा समाज की ओर से निकाली गई राजा हरिश्चंद्र एवं श्मशान घाट से संबंधित झांकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार आदर्श गुरु चट्टी तथा तृतीय पुरस्कार विश्वकर्म मोहल्ला अवतार क्लब को प्राप्त हुआ। इनके अलावा प्रदर्शन के हिसाब से क्रमबद्ध सभी 15 अखाड़े को पुरस्कार दिया गया। वही महा समिति की ओर से रामनवमी की जुलूस की विधि व्यवस्था को देखते हुए रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 15000 राम भक्तों के लिए विशेष रूप से खाना की व्यवस्था की गई थी।

## कोनरा भगवती मंदिर में शतचंडी महायज्ञ को लेकर कमेटी गठन, आम सभा आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** कोनरा स्थित प्राचीन भगवती मंदिर के प्रांगण में "श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ एवं हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा" से संबंधित एक आम सभा का आयोजन विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में किया गया। संचालन भगवान केशरी ने किया। कार्यक्रम आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष बंशी प्रसाद केशरी, पिन्टू केशरी, संतोष सिंह, धनराज कुमार शर्मा, महासचिव राज कुमार यादव, सचिव रवि केशरीसह-सचिव सुभाष पासवान, संगठन मंत्री सरयू प्रसाद केशरी को बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष शंकर वर्णवाल, रामदेव साहू सह-कोषाध्यक्ष योगेश केशरी, एस के शर्मा को बनाया गया। इसके



अतिरिक्त बिरजू केशरी,विवेक विश्वकर्मा, महेन्द्र केशरी, जितेन्द्र कुमार,रजनीश कुमार, रविकांत कुमार, सूरज कुमार, हरेंद्र कुमार, श्याम ठाकुर, नितेश कुमार, अर्जुन ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, संजय पासवान, शंकर विश्वकर्मा, दीपक केशरी, शरंजन गुप्ता, गुड्डु सिंह,मंटू ठाकुर,आलोक वर्णवाल, आलोक कुमार, राजकुमार केशरी, संदीप पासवान को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया। कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक संरक्षक मंडली भी बनाया गया। उसमें परमेश्वर यादव, जगदीश सिंह, विनोद विश्वकर्मा, भगवान केशरी, सुरेन्द्र रजक, छठु यादव, रमेश ठाकुर, भुनेश्वर साहू, गणेश यादव , अमित केशरी, धनश्याम यादव, अशोक यादव, दयानंद चौरसिया, उपेन्द्र साहू, विनय साहू, रमेश सिन्हा , गुरुदेव गुप्ता, राज सिंह चौहान, कपिल केशरी, कृष्ण प्रजापति, राज कुमार केशरी, मनोज केशरी, छोटन ठाकुर, विपिन सिन्हा, पंकज वर्णवाल, शिवा निषाद एवं उमेश दास शामिल किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से बरही राम नवमी महा समिति के अंतर्गत सभी प्रमुख अखाड़ों के सम्मानित अध्यक्ष को संरक्षक मंडल में शामिल करने का निर्णय लिया गया इसमें भगवती मंदिर के अध्यक्ष किशोरी सिंह, महावीर मंडल के अध्यक्ष कपिल साहू, अंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष सुनील साहू, बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष शिवा निषाद, श्रीराम अखाड़ा के अध्यक्ष वीरेंद्र रविदास, हनुमान सेना के अध्यक्ष मेवालाल केशरी ,प्राचीन भगवती मंदिर के अध्यक्ष रवि पासवान, हरला ग्राम अखाड़ा के अध्यक्ष विनोद यादव को शामिल किया गया। परमेश्वर यादव के द्वारा धन्यवाद

## संक्षिप्त खबरें

### स्वामी विवेकानंद स्कूल बादम में परीक्षाफल घोषित किया गया



**बड़कागांव :** स्वामी विवेकानंद स्कूल बादम में विद्यालय के निर्देशक मटुकधारी कुमार के अध्यक्षता में सत्र 2025 –26 की परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें परीक्षा में शामिल हुए सभी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया और सभी बच्चे उत्साहित देखें गए। जिसमें स्कूल टॉपर में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार , द्वितीय सोनाक्षी कुमारी, तृतीय दिशा कुमारी, अयांश कुमार, परी कुमारी, अनीश कुमार, शिवम कुमार, साक्षी कुमारी, निवान आर्य, अर्ष कुमार, हर्ष कुमार, असुमित कुमार , देव कुमार, अनन्या कुमारी, पल्लवी कुमारी, मानवी कुमारी , सृष्टि कुमारी, सत्यम कुमार, राजवीर कुमार, खुशी कुमारी, आयुष कुमार , रितेश कुमार, दिव्यांशु कुमार रहें। मौके पर विद्यालय के निर्देशक मटुकधारी कुमार ने सभी छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों का विद्यार्थियों के प्रतिसमर्पण का परिणाम है।बच्चे देश के भविष्य होते हैं। शिक्षा हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। बिना शिक्षा के हम सभी का जीवन अधूरा है। स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिकायत का मौका नहीं मिले जिसके लिए विशेष शिक्षकों की लगाया गया है। आगे शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्कूल और बेहतर करने को लेकर प्रयासरत हैं। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार, प्रकाश कुमार, सौरभ कुमार, संतोषी कुमारी, सचिन कुमार, श्याम कुमार, इसके अलावा कई छात्र–छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### एलेक्स पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिजल्ट प्रकाशित



**बड़कागांव :** बड़कागांव चेपकला के चिचाल में एलेक्स पब्लिक स्कूल में अभिभावक और शिक्षक के बीच मीटिंग किया गया जिसमें अभिभावक और शिक्षक के बीच में विचारों का आदान–प्रदान करते हुए बहुत महत्वपूर्ण विचार विद्यालय में आया जिससे विद्यालय संचालन में गति मिलेगा और बच्चों में अच्छे शिक्षा दिया जा सके। हम सभी अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य करेंगे आज अभिभावकों के बीच वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें विद्यालय में सर्वप्रथम स्थान दीपक कुमार पिता प्रमोद गंझू UKG द्वितीय स्थान शिवम कुमार पिता सुरेश महतो UKG और तृतीय स्थान आयुष भोक्ता पिता प्रेम गंझू छङ्ङने प्राप्त किया तथा सबसे अच्छा विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने वाले शिक्षिका चांदनी कुमारी तथा पूनम देवी एवं सहयोगी शिक्षक बैजनाथ कुमार , फुलासो देवी,पुष्पा देवी, सुशीला देवी,राजू विश्वकर्मा, व्यवस्थापक सोनू कुमार एवं भिभावकगण को मेडल और मार्कशीट ,सर्टिफिकेट देकर विद्यालय परिवार को सम्मानित किया तथा विद्यालय में पढ़ रहे तमाम नन्हे छोटे प्यारे बच्चे का बहुत ही अच्छा वार्षिक परीक्षा का प्रदर्शन रहा। विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चे और अभिभावक गण को बहुत–बहुत शुभकामनाएं देते हुए बच्चों निरंतर अग्रसर होने की विद्यालय कामना करता है।

### सरगम इंटरनेशनल स्कूल में सत्र का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**बड़कागांव :** बड़कागांव सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव में सत्र 2025–26 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्रों एवं अभिभावकों की भारी उपस्थिति देखी गई। इस वर्ष छात्रा नैरा फि रदोष ने 99 .8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनकर गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि नए सत्र 2026–27 के लिए नामांकन प्रारंभ हो चुका है, इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन जल्द कराएं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक मुसर्रत परवीन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा फल वितरण के मौके परविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य,निदेशक राजेश कुमार सोनी,अध्यक्ष शहेश्वर दांगी, सचिव शंकर कुमार,कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साव,उपाध्यक्ष सरोज सोनी,उप सचिव शंकर कुमार दास एवं अन्य उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर बेहरी लालपुर चौक में बैठक जन्मोत्सव मनाने का निर्णय



**हजारीबाग :** हनुमान मंदिर बेहरी लालपुर चौक में किशोरी महतो की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष किशोरी महतो ने बताया कि एक अप्रैल को शोभा यात्रा निकाला जाएगा एवं घर घर दीप वितरण किया जाएगा। दिनांक 2 अप्रैल को संध्या 4 बजे पूजा,5 बजे महाआरती,6 बजे प्रसाद वितरण एवं रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। 2 तारीख को ही दिन भर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस बैठक में अध्यक्ष किशोरी महतो, सचिव विनोद पासवान, कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द प्रसाद, शहदेव कुमार, रामचंद्र प्रसाद, लक्ष्मण महतो, नंदलाल प्रसाद, देवती देवी, लीला देवी, मैना देवी, मीना देवी, ऊषा देवी, बेबी देवी, मोसामत पूनम, बबीता देवी, रेशमी देवी मनी देवी, चमेली देवी, वृंदा देवी, कौशल्या देवी, रमणियां देवी, लालबीर राणा सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

### अनिश्चितकालीन आंदोलन में भाकपा प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक हुए शामिल

**बड़कागांव :** गोन्दलपुरा में जेएसडब्ल्यू ,अडानी,व एनटीपीसी के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा की जा रही 1083 दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन की जा रही है। मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार , जिला किसान नेता नेमन यादव, माले नेता सफदर इमाम आंदोलन में शामिल होकर लोगों के मनोबल को बढ़ाने का प्रयास किया।इस दौरान अगुआ आंदोलनकारी साथियों को सम्मानित कर आंदोलन का समर्थन किया। अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि रैयत अपनी जमीन जब देना ही नहीं चाह रही है, तो सरकार जबरन क्यों कर रही है। लगातार 1083 दिनों से लोग आंदोलन कर रहे हैं ,इस आंदोलन के ऊपर सरकार हो या जिला प्रशासन किसी ने भी संज्ञान नहीं लिया, इस पर देश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अन्य आंदोलनकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### डाल्टनगंज में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार

**रांची** : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 40 .2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर और चाईबासा में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि राजधानी रांची में तापमान 34 .6 डिग्री दर्ज किया गया जो अन्य जिलों के मुकाबले 4 डिग्री कम है।

### एनई होरो की मनाई गई 101वीं जयंती

**रांची** : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रांची जिला के तत्वावधान में झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एनई होरो की 101 वीं जयंती समारोह मंगलवार को रांची के बहुबाजार में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कायक्रम में आंदोलनकारियों ने मांग किया कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एनई होरो की जंयती को सरकार की ओर से राजकीय मान-सम्मान के साथ मनाए।

### झारखंड चेंबर और चीन बढाएंगे निवेश और व्यापार में सहयोग

**रांची** : झारखंड चेंबर और चीन निवेश और व्यापार को लेकर सहयोग को और अधिक बढाएंगे। इसे लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से मंगलवार को चेंबर भवन में चीन के कोलकाता स्थित महावाणिज्य दूत शू वेई ने मुलाकात की। इस दौरान चेंबर के अध्यक्ष आदित्या मल्होत्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान चीन के कोलकाता स्थित महावाणिज्य दूत शू वेईके साथ बाई एन और ली शुयुए भी मौजूद थे। बैठक में झारखंड और चीन के बीच व्यापार, निवेश और उद्योगों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने माना कि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में काफी संभावनाएं हैं।

# झारखंड कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी
# जल्द होगा जिला और प्रदेश कमेटियों का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सांगठनिक ढांचे को धारधार बनाने के लिए जल्द ही नई टीम की घोषणा होने वाली है। प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में तैयार हो रही इस नई टीम में जवाबदेही और समन्वय पर मुख्य जोर दिया गया है। पार्टी के अनुसार, अगले एक सप्ताह के भीतर जिला कमेटियों और उसके अगले सप्ताह प्रदेश कमेटी की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

प्रदेश प्रभारी के. राजू ने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए अगले तीन महीनों के भीतर सभी जिलों में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें पदाधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संगठन को पंचायत और ब्लॉक स्तर तक सक्रिय करने के लिए प्रदेश, जिला और विधानसभा प्रभारियों के बीच सीधा समन्वय स्थापित किया जाएगा।

### नया स्वरूप: 'एक नेता, एक जिम्मेदारी'

इस बार कांग्रेस ने संगठन में 'ऑर्गेनिक लिंक' स्थापित करने के लिए एक विशेष फॉर्मूला तैयार किया है। नई कमेटी का स्वरूप कुछ इस प्रकार होगा:

**14 उपाध्यक्ष**: प्रत्येक उपाध्यक्ष को एक संसदीय क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

**25 महासचिव**: इन्हें अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया जाएगा।

**81 सचिव**: सभी सचिवों को एक-एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया जाएगा।

### जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर महीने लगेंगे 'जनता दरबार'

पार्टी ने केवल संगठन विस्तार ही नहीं, बल्कि जन-सरोकारों से जुड़ने की भी योजना बनाई है। जिला स्तर पर हर महीने स्थानीय समस्याओं पर चर्चा होगी और आम लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए 'जनता दरबार' लगाए जाएंगे। इसके साथ ही, राज्य सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 'कोऑर्डिनेशन कमेटी' बनाने का आग्रह किया गया है, जिस पर जल्द निर्णय होने की उम्मीद है।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को सरकारी दर्जा देने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्य की हजारों आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के लिए एक बड़ी खबर है। प्रदेश आंगनबाड़ी यूनियन ने अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यूनियन की ओर से राज्य भर की आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग के साथ एक महत्वपूर्ण याचिका दायर की गई है।

### हाई कोर्ट के पूर्व फैसलों को बनाया आधार

प्रदेश अध्यक्ष बीना सिन्हा के नेतृत्व में दायर इस याचिका में गुजरात और राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए फैसलों का हवाला दिया गया है। याचिका में तर्क दिया गया है कि अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों ने आंगनबाड़ी कर्मियों के हित में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं। सेविकाएं और सहायिकाएं वर्षों से सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बना रही हैं, इसलिए वे सम्मानजनक वेतन और सरकारी दर्जे की हकदार हैं। गौरतलब है कि इसी वर्ष बजट सत्र के दौरान भी हजारों की संख्या में आंगनबाड़ी कर्मियों ने विधानसभा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया था। उनकी मुख्य मांगों में सरकारी कर्मचारी का दर्जा, निश्चित वेतनमान और मानदेय में वृद्धि शामिल है।

### कई जिलों के पदाधिकारी बने पक्षकार

इस कानूनी लड़ाई में प्रदेश अध्यक्ष के साथ लातेहार, रांची, खूंटी, पाकुड़, गुमला, चतरा, गढ़वा, पलामू, सिमडेगा और दुमका जैसे विभिन्न जिलों की पदाधिकारी भी पक्षकार बनी हैं। अदालत में इस मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार और विमल कुमार की टीम कर रही है।

### न्यायालय से न्याय की उम्मीद

यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष बीना सिन्हा ने भरोसा जताया है कि अदालत से उन्हें सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि याचिका का केस नंबर एक सप्ताह के भीतर न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हो जाएगा।

# बाबूलाल ने राज्यपाल से की मुलाकात शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजनीति में एक बार फिर कथित शराब घोटाले को लेकर हलचल तेज हो गई है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर एक अहम ज्ञापन सौंपा।

यह मुलाकात रांची स्थित लोक भवन में हुई, जहां मरांडी ने राज्य में सामने आए 750 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले के मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया जाए।

मरांडी ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण में एसीबी की भूमिका की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आशंका जताई कि मामले की जांच में देरी और पारदर्शिता की कमी से जनता के बीच गलत संदेश जा सकता है।

नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल से यह भी अनुरोध किया कि इस मामले की जांच को सीबीआई को सौंपने के लिए पहल की जाए। उनका मानना है कि सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच किए जाने से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल ने सम्मानित कर सेवानिवृत कर्मियों को दी विदाई



**रांची** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में मंगलवार को मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यालय के 05 कर्मी सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 99 कर्मचारियों को विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वालों में महाप्रबंधक (सिविल) शशांक शेखर झा, महाप्रबंधक (खनन) राज कुमार, वरिष्ठ निजी सहायक बिजॉय कुमार रॉय, पंप ऑपरेटर अब्दुल जबार अंसारी और ईपी फिटर श्याम किशोर प्रसाद के नाम शामिल हैं। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवाकाल से जुड़ी यादों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन की असली पूंजी उसके कर्मी होते हैं। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक नए जीवन अध्याय की शुरूआत है, जबकि निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा ने कर्मियों के अनुभव को संगठन की अमूल्य धरोहर बताया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों और परिजनों की उपस्थिति में सभी को शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

### महिलाओं के आत्मविश्वास और समर्पण से झारखंड गढ़ रहा है सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य




**रांची** : रांची में आयोजित दैनिक भास्कर विमेन प्राइड अवार्ड्स 2026 में झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने आत्मविश्वास, संघर्ष और परिश्रम से समाज को नई दिशा देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड की महिलाएँ आज बदलाव की अग्रदूत बनकर उभर रही हैं। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत खरछढर से जुड़ी बहनों ने स्वरोजगार से अपनी यात्रा शुरू कर आज आत्मनिर्भर उद्यमी के रूप में पहचान बनाई है। उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी इन महिलाओं का योगदान सराहनीय है। समूह की बहनों द्वारा पौने तीन करोड़ से अधिक फलदार एवं टिंबर के वृक्ष लगाकर न केवल अपनी आजीविका को सशक्त किया गया है, बल्कि आम जैसे उत्पादों का निर्यात कर एक हरित एवं समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव रखी गई है। मंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ आज सजग, सशक्त और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मनरेगा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, जहाँ 52 प्रतिशत महिलाओं तक जॉब कार्ड पहुँचा है, यह दशार्ता है कि राज्य में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने सभी सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### विष्णुगढ़ दुष्कर्म-हत्या मामला : आजसू ने महिला आयोग में की शिकायत

**रांची** : झारखंड के हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुंभा गांव में 12 वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। इस मामले को लेकर ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी ने कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी के महासचिव संजय मेहता ने महिला आयोग को आवेदन सौंपा, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया है। आयोग ने इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जिम्मेदारी अपनी अवर सचिव शिवानी तोमर को सौंपी है, जो मामले की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगी। आजसू पार्टी ने इस जघन्य अपराध की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की है, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिल सके। संजय मेहता ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले ऐसे अपराधों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जा सकती और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### खूंटी हिंसा पर रक्षा राज्य मंत्री ने जताई नाराजगी, प्रशासनिक कार्रवाई पर उठाए सवाल

**रांची** : झारखंड के खूंटी जिले के मुरहू में रामनवमी के अवसर पर हुई पत्थरबाजी और हिंसा की घटना को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशासन की कार्यशैली पर आपत्ति जताई है। उन्होंने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि घटना के तीन दिन बाद भी आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संजय सेठ ने कहा कि घटना को जिस तरह प्रस्तुत किया जा रहा है, वास्तविक परिस्थितियां उससे बिल्कुल भिन्न हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन के सामने ही पत्थरबाजी हुई, जिसमें हिंदू समुदाय के लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी घायल हुए। उन्होंने यह भी कहा कि घटना से जुड़े साक्ष्यों को हटाए जाने की जानकारी उन्हें मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों पर पुलिस दबाव बना रही है। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि पत्थरबाजी के बाद प्रशासन की मौजूदगी में चेंबर ऑफ कॉमर्स और भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों के साथ मॉब लिंचिंग का प्रयास भी किया गया तथा हिंदू कार्यकताओं को धमकियां दी गईं।

### आदित्य साहू ने खूंटी घटना को लेकर राज्य सरकार पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**रांची** : झारखंड के खूंटी जिले के मुरहू में रामनवमी के अवसर पर हुई घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति में पूरी तरह डूबी हुई है और वोट बैंक की राजनीति के चलते एक विशेष समुदाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि राज्य में सनातन धर्म के पर्व-त्योहारों के दौरान सुनियोजित तरीके से जुलूस, शोभा यात्रा, मूर्तियों और मंदिरों को निशाना बनाया जाता है।

# मंगल राधिका सेवाधाम ने किया दिव्यांग और मंदबुद्धियों के बीच भोजन वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सेवाधाम परिसर में संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को दिव्यांग और मंदबुद्धियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा के तहत भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोरंजन कुमार, विधुजी और उनके परिवार के सहयोग आयोजित इस कार्यक्रम के तहत आश्रम में रह रहे 45 दिव्यांग एवं निराश्रितों के साथ-साथ उनकी सेवा में लगे सेवादारों को विधिवत तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का भोजन कराया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 16 मार्च से 31 मार्च तक चल रहे विशेष सेवा अभियान के दौरान अबतक 3360 से अधिक निराश्रितों एवं सेवादारों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया है। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है और समाज के सभी वर्गों को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।

मौके पर अन्नपूर्णा सेवा कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुरणमल सर्राफ सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# 197वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 197 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य राजेश ढांढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, कुलपति ने कहा हुनर का उपयोग दूसरों की भलाई में हो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगडा/रांची** : अपने हुनर को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे दूसरों तक पहुँचाएँ और समाज के अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने में सहयोग करें। युवाओं को अपनी प्रतिभा को समाज की भलाई में उपयोग करनी चाहिए। इससे समाज का भी विकास होता है। उक्त बातें साईं नाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एस पी अग्रवाल ने कहीं। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा सिलाई एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह में वे अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। चार महीना तक चला इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस अवसर पर डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर मेहनत करने और अपने हुनर को आगे बढ़ाने की सलाह दी। डॉ मुरारी ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए समन्वय, सहयोग और समर्पण की नीति को अपनाना होगा।

समारोह में उषा मार्टिन फाउंडेशन के प्रिया बागची, बरुण कुमार, संगीता कुमारी एवं भुवनेश्वर महतो सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में युवा जागृति संघ की ओर से विकास कुमार, अनुपम कुमार, प्रशिक्षक अर्चना आइंद एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुमित कुमार गुप्ता की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा जागृति संघ का अहम योगदान रहा।

इस अवसर पर कुल 27 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमुख लाभार्थियों में वैशाली कुमारी, प्रमिला उरांव, सालो कुमारी मुंडा, माला भारती, अनुपमा महतो, निशा अंजली टोप्पो, निशा लकड़ा, पूनम देवी, आरती कुमारी, मनीषा देवी, लक्ष्मी टोप्पो, कुसुम देवी, ललिता कुमारी, रानी देवी, निधि रानी, पुष्पा नाग, टोपु मोदक, बबली कुमारी, सुचित्रा कुमारी, जितराम लोहरा, मरियम पीटर, माइकल पीटर एवं रीता देवी शामिल हैं।

# 'पलाश ब्रांड' का डंका: अब गांवों की शुद्धता, मॉल और सुपरमार्केट में उपलब्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की ग्रामीण महिलाओं (दीदियों) के हुनर और मेहनत ने अब राज्य के बड़े बाजारों में अपनी धाक जमानी शुरू कर दी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के मार्गदर्शन में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 'पलाश' ब्रांड के उत्पादों की एंट्री शहर के नामी मॉल और सुपरमार्केट में करा दी है।



> गांव से बाजार तक का यह सफर दीदियों के कड़े संघर्ष का परिणाम है। झारखंडी स्वाद और शुद्धता का पर्याय बन चुका 'पलाश' हर ग्राहक की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।
> — दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

### पायलट प्रोजेक्ट की धमाकेदार शुरूआत

रांची के सेल सिटी इलाके से इस नई पारी की शुरूआत की गई है। प्रथम चरण में पलाश ब्रांड के 15 चुनिंदा उत्पादों को सुपरमार्केट की शेल्फ पर जगह मिली है। ग्रामीण परिवेश में तैयार ये उत्पाद न केवल शुद्धता की गारंटी दे रहे हैं, बल्कि अपनी पौष्टिकता के कारण शहरी ग्राहकों की पहली पसंद भी बनते जा रहे हैं।

### 2 लाख से अधिक महिलाएं बनीं उद्यमी

पलाश ब्रांड आज राज्य की 2 लाख 6 हजार से अधिक महिलाओं के सपनों को उड़ान दे रहा है। जेएसएलपीएस का लक्ष्य केवल उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि इन दीदियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर सामाजिक बदलाव का अगुआ बनाना है।

### इन 15 उत्पादों ने बनाई पहचान

**अनाज एवं स्नैक्स:** रागी आटा, मल्टीग्रेन आटा, बाजरा आटा, रागी कुकीज, मक्का निमकी और रागी लड्डू।

**स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद:** फॉरेस्ट हनी (वन शहद) और जामुन बीज पाउडर।

**पारंपरिक स्वाद:** तिल लड्डू और पांच तरह के खास अचार (सन्धना, कटहल, ओल, लहसुन एवं हरी मिर्च)।

### मजबूत सप्लाई चेन और 'अपना मार्ट' से गठबंधन

बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिकने के लिए जेएसएलपीएस ने एक आधुनिक सप्लाई चेन विकसित की है। गाँवों से उत्पाद पहले पलाश मार्ट पहुँचते हैं और फिर वहां से एमओयू के तहत मॉल तक भेजे जाते हैं। रांची, गोड्डा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, जमशेदपुर, गिरिडीह और बोकारो इस अभियान में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। जल्द ही राज्य के सभी 'अपना मार्ट' और 'उर्वी स्टोर' जैसे बड़े रिटेल आउटलेट्स पर पलाश के उत्पाद उपलब्ध होंगे। इन उत्पादों में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं है और इनकी पैकेजिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की जा रही है, जिससे 'ब्रांड पलाश' को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

## एक नजर

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टोटो को मारी टक्कर, चालक समेत कई घायल

**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड के पोखरडीह मोड़ के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टोटो चालक सहित उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो (नंबर BR 01PN 4169) काफी तेज गति में थी और टक्कर मारने के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया। घायलों में टोटो चालक की पहचान सुनील प्रसाद यादव उम्र 50 वर्ष पिता सदानंद, निवासी बाद के रूप में हुई है। वहीं टोटो में सवार सोनी कुमारी (उम्र 30 वर्ष), पति बिट्टू कुमार, निवासी पोखरडीह भी घायल हुई हैं। उनके साथ उनके दो बच्चे — पीहू कुमारी उम्र 4 वर्ष और दिलखुश कुमार उम्र 8 वर्ष भी घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर थाना ले आई है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

### जिंदल स्टील पतरातू में ओम प्रकाश जिंदल को दी गई श्रद्धांजलि

**पतरातू :** जिंदल समूह के संस्थापक, प्रख्यात उद्योगपति और समाजसेवी ओम प्रकाश जिंदल की पुण्यतिथि जिंदल स्टील पतरातू परिसर में श्रद्धा, गरिमा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे परिसर में कृतज्ञता और सम्मान का वातावरण व्याप्त रहा। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिंदल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना और श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ। इस दौरान सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। पूरे आयोजन में अनुशासन और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ओम प्रकाश जिंदल केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता थे। उनकी कर्मठता, सादगी और मानवीय मूल्यों ने जिंदल समूह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने देश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

### ग्रीन टेक्नोलॉजी में सौंदा डी के जितेंद्र का कमाल, बीएचयू में मिला सम्मान

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के सौंदा डी निवासी जितेंद्र कुमार दास ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हरित प्रौद्योगिकी सम्मेलन में उन्हें उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों और शोधकताओं की उपस्थिति के बीच जितेंद्र कुमार दास ने हरित प्रौद्योगिकी से जुड़े विषयोंसंस्कृति, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सतत विकास पर विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए। उनके शोधपूर्ण और प्रभावी प्रस्तुतीकरण को उपस्थित विशेषज्ञों ने सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी मौजूद थे।

# चंदवारा में अवैध कबाड़ का साम्राज्य, चोरी के सामान की खुलेआम खरीद-बिक्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** चंदवारा प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध कबाड़ का धंधा जोरों पर है। कबाड़ के इस धंधे से चोरी और अपराध बढ़ने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता वही कबाड़ व्यवसायी कबाड़ से लाखों रुपए के हेराफेरी कर रहे हैं जिसकी न तो पेपर है और न ही इसकी परमिशन कबाड़ का व्यवसाय करने के लिए स्पष्ट नीति व नियम न होने से भी यह अवैध धंधा तेजी से पैर पसार रहा है छोटे कबाड़ियों को इस धंधे के लिए लाइसेंस की जरूरत नहीं होती है न कोई स्टाक का हिसाब रखना पड़ता है और इसी का फायदा उठाकर कबाड़ के धंधे के मास्टरमाइंड कबाड़ी का व्यवसाय शुरू कर देते हैं जिसकी आड़ में जमकर चोरी के माल की खरीद बिक्री होती है प्रखंड के कई जगह में धड़ल्ले से चला रहा है अवैध कवाड का कारोबारी सारे नियमों को ताक पर रखकर अपने काले कारनामों को अंजाम देने में लगे हुए है अवैध कारनामों को रोकने की जिम्मेदारी जिस पर है वे या तो आंखें मूंदकर बैठे हैं। व अपनी जवाबदेही से पीछे हट रहे हैं चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी, उरवा तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के बांझेडीह फोर लाईन में बेरोकटोक कबाड़ी का अवैध धंधा दबंग किस्म के लोग चला रहे हैं।

जिसके कारण आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार जब से अवैध कबाड़ी का धंधा शुरू हुआ है तबसे से चोरी की घटनाएं बढ़ गई है जिसमें अपराधी किस्म के लोग सरकारी एंगल, दरवाजे, खिडकी तक को काट कर ले जा रहे है। इन दुकानों पर हर चीज कबाड़ के भाव खरीदी जाती है। छोटी बड़ी गाड़ियों को काटकर, चोरी का पीतल, कांशा के बर्तन, साइकिल, मशीन, ट्रक, पिकअप वाहन को कबाड़ में तब्दील कर देना इन दुकानदारों के बाएं हाथ का खेल है। इन दुकानदारों के पास न तो कबाड़ खरीदने का लाइसेंस है और न ही वाहनों को काटने की अनुमति, फिर भी यहां सभी काम बेखौफ होता है। सूत्रों की माने तो इस अवैध कारोबार को खाकियों के साठगाठ से बेरोकटोक चलाया जाता है। बांझेडीह फोर लाइन में एक कबड्डी में सरकारी राशन कोभी खरीदा जा रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन सब कुछ जानने के बाद भी अंजान बने रहते है।

## संदेहास्पद मौत मामले में विधायक ने दिया न्याय का भरोसा, सरकार पर साधा निशाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहाडंडा निवासी केदार यादव की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। इस मामले को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव सोमवार को मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। विधायक ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि केदार यादव की मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिसने भी केदार यादव की हत्या की है, उसे हर हाल में सजा दिलाई जाएगी। इस लड़ाई में मैं पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ा हूं। इस दौरान विधायक ने जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय बालू, गिट्टी और अन्य वाहनों की जांच में लगी हुई है। सरकार सिर्फ राजस्व वसूली में व्यस्त है, ऐसे में अपराध कैसे रुकेगा, उन्होंने सवाल उठाया। विधायक ने आगे कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब पुलिस का मुख्य फोकस अपराधियों को पकड़ना होता था, लेकिन वर्तमान सरकार में स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए इसे लूट-खसोट की सरकार बताया। मौके पर महावीर यादव, अर्जुन चौधरी, कौशल यादव, मोहन यादव सहित कई ग्रामीण एवं समर्थक मौजूद थे।

## रुई गोदाम में लगी आग, स्थानीय लोगों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** मेन रोड भुरकुंडा स्थित झारखंड स्टोर के रुई गोदाम में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता और साहसिक प्रयासों से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में करीब तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह सुबह करीब नौ बजे दुकान खोली गई थी और कर्मचारी अपने-अपने काम में जुट गए थे। इसी दौरान गोदाम के एक कोने से धुआं उठता दिखाई दिया। पहले तो किसी को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन देखते ही देखते धुआं घना होता गया और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने बिना समय गंवाए बाल्टी और अन्य साधनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। यदि कुछ देर और देरी होती, तो आग आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी और नुकसान कहीं अधिक हो सकता था।

## श्री हनुमान जन्म उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंदिर का दो दिवसीय 45वां वार्षिक उत्सव सह हनुमान जन्मोत्सव बुधवार से शुरू होगा। इसको लेकर शहर के अड्डी बांग्ला रोड स्थित मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में दिन 11:00 से सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ सवा 25 घंटों का ज्योत के साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पूर्व शहर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हनुमान भक्त वीर बजरंगबली का झंडा लेकर नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए शोभायात्रा शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया है । यहां स्थानीय व बाहर से आए भजन गायक सवा 25 घंटे तक भजनों से श्रद्धालु भक्तों का मनमोहंगे और भक्ति के सागर में गोता लगाते रहेंगे। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर 10 सवा मनी के साथ-साथ फलों का भी भोग बाबा वीर बजरंगबली को अर्पित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के अलावा नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अड्डी बांग्ला रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में संध्या 5:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ होगा । वही देर शाम पटना से आए भजन गायक एवं स्थानीय कलाकार भजन की प्रस्तुति करेंगे।

## रोटरी क्लब का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, दर्जनों मरीजों को मिला लाभ और विशेषज्ञ परामर्श

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा :** समाज सेवा के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा भारत मेडिकल हॉल में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य जांच के साथ विशेषज्ञ चिकित्सीय सलाह का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक अध्यक्ष परमजीत सिंह धामी ने किया। शिविर के दौरान डॉ. सतवीर सिंह ने कुल 38 मरीजों की पेट संबंधी बीमारियों की जांच की। उन्होंने मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी सुझाव भी दिए। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर डॉ. सतवीर सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि घर का बना ताजा भोजन ही सर्वोत्तम होता है। उन्होंने बाजार में मिलने वाले अधिक तेल और मसाले युक्त खाद्य पदार्थों से दूरी बनाने की सलाह दी। साथ ही नियमित दिनचर्या और संतुलित आहार अपनाने पर बल दिया। शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन परमजीत सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस शिविर को सफल बनाने में अजय गोयल, प्रवीण शर्मा, रिंकू सिंह धामी और चंद्रशेखर अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर व्यवस्था संभाली और मरीजों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के लोगों में खुशी देखी गई और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन की उम्मीद जताई गई।

# प्रेरणा शाखा बनी झारखंड की सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा, कई पुरस्कारों से सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरी तिलैया :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अधिवेशन अभ्युदय का आयोजन टाटा स्टील सिटी टाटानगर शाखा के आतिथ्य में जमशेदपुर में भव्य तरीके से संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में पूरे राज्य की शाखाओं ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को सम्मानित करना और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था। इस अधिवेशन में झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा ने अपनी सामाजिक सेवाओं और उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत शानदार प्रदर्शन किया। शाखा ने सर्वश्रेष्ठ शाखा का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बना हुआ है। यह पुरस्कार प्रेरणा शाखा के निरंतर प्रयास, समर्पण और समाज सेवा में उनकी सक्रिय भूमिका का प्रमाण है। इस अधिवेशन में झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा की प्रमुख पदाधिकारियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। जिसमे सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष सारिका लड्ढा, श्रेष्ठ सचिव आकृति चौधरी इन सभी पदाधिकारियों ने अपनी कर्मठता, नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल के दम पर शाखा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इनके नेतृत्व में प्रेरणा शाखा ने समाज में उल्लेखनीय बदलाव लाने वाले कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया है। झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ शाखा का खिताब मिला, बल्कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से भी नवाजा गया। जिन कार्यक्रमों के लिए प्रेरणा शाखा को सम्मानित किया गया, उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के लिए सहभागिता पुरस्कार जिसमे जरूरतमंद दिव्यांगों के लिए अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन। अमृतधारा चलत प्याऊ में सहभागिता पुरस्कार व्यक्तिगत विकास , विश्व संगीत दिवस हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम पुरस्कार जन सेवा कार्यक्रम के तहत छठ पूजा सेवा हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार जीव दया कार्यक्रम हेतु 12 महीने गौ सेवा के लिए पुरस्कार सीजर बॉक्स सेवा हेतु सेवा कार्य सम्मान पुरस्कार कन्यादान सड़क कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार कार्यकपुरस्कृतश्रेष्ठ पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को देखते हुए यह साफ जाहिर होता है कि यह शाखा समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों के सफल आयोजन ने इसे पूरे झारखंड में एक आदर्श शाखा के रूप में स्थापित किया है। शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि यह सभी पुरस्कार पूरे टीम वर्क का नतीजा हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ पुरस्कार जीतना नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाना और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्यार बांटते चलो पहल के तहत 220 जरूरतमंदों को कराया गया भोजन




**झुमरीतिलैया :** काली मंदिर के पास रेलवे स्टेशन प्रांगण में जैन समाज के द्वारा संचालित मूलचंद छाबड़ा स्मृति फाउंडेशन के द्वारा 220 जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन कराया गया भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज यह कार्यक्रम किया गया। जैन समाज के पदाधिकारी नरेंद्र झाझंरी राज छाबड़ा सुशील छाबड़ा वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जैन धर्म हमेशा जीवदया जरूरतमंदों की सेवा तप त्याग अहिंसा में विश्वास रखता है। 7 वर्षों से लगातार चल रहे प्यार बांटते चलो गरीबों के बीच भोजन के इस मानवता की सेवा के कार्यक्रम की जितने भी प्रशंसा की जाए कम है। मौके पर मौजूद पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जैन समाज के द्वारा संचालित मूलचंद छाबड़ा स्मृति फाउंडेशन हमेशा मानवता की सेवा का कार्य करता है जरूरतमंदों की सेवा में अपना योगदान देता है भूखे को भोजन कराना सबसे नेक कार्य है प्यार बांटते चलो प्रारंभ करने वाले विकास दारूका रितु दारूका कमल दारूका मधुसूदन दारूका परिवार अरुण मोदी सभी धन्यवाद के पात्र हैं जिनके प्रयास से यह सेवा लगातार जारी है। समर्थ लोगों को इस तरह के कार्यों में हमेशा अपनी सहभागिता देनी चाहिए। मौके पर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के संयोजक शैलेश जैन छाबड़ा प्रसम जैन सेठी दिलीप बाकलीवाल मीरा छाबड़ा नेहा जैन अमित जैन सुमित छाबड़ा विवेक सेठी टुन्नू मुकेश अजमेरा मुकेश सेठी विशाल कुमार विमल कुमार अनिल गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

### 25 मई से शुरू होगी रोहण 2 जून तक रहेगा, मानसून का संकेत भी देगा मौसम



**कोडरमा :** इस वर्ष रोहण 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही तेज गर्मी और लू का प्रकोप देखने को मिलता है। रोहण के नौ दिनों में सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि होती है। पं कुंतलेश पाण्डेय के अनुसार, इस अवधि में बढ़ी गर्मी के कारण जमीन और समुद्र का पानी तेजी से गर्म होता है, जिससे वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज होती है। यही प्रक्रिया आगे चलकर मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करती है। इसलिए रोहण को अच्छी बारिश और बेहतर कृषि उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। लोक मान्यता है कि यदि नौतपा के दौरान तेज गर्मी पड़ती है तो आने वाले मानसून में अच्छी बारिश की संभावना रहती है। वहीं, अगर इस दौरान बारिश हो जाती है तो आगामी महीनों में वर्षा कम होने की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि इस वर्ष मौसम में बदलाव के कारण नौतपा की अपेक्षित गर्मी महसूस नहीं हो रही है, जो किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ भी मानते है कि नौतपा का प्रभाव कमजोर पड़ना मानसून की स्थिति को प्रभावित कर सकता है। पं कुंतलेश पाण्डेय बताते है कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय संवेदनशील माना जाता है। तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने, पर्याप्त पानी पीने और धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

### भुरकुंडा के तीन खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**भुरकुंडा :** कराटे के क्षेत्र में भुरकुंडा के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रांची के रातू रोड स्थित जैन कराटे सेंटर में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में भुरकुंडा क्षेत्र के तीन कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट (प्रथम डैन) हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह ग्रेडेशन टेस्ट शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कराटे प्रशिक्षक हेंसी मानस सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों की किहोन (मूल तकनीक), काता (फॉर्म), कुमीते (फाइट), किक ऑन स्पॉट और किमेवाजा जैसी विभिन्न तकनीकी क्षमताओं का गहन मूल्यांकन किया गया। सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभागियों ने अपनी योग्यता साबित की।इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भुरकुंडा के तेजस झा, ध्रुव कुमार झा और नादिर अख्तर ने हिस्सा लिया। तीनों ने अपने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास के दम पर ब्लैक बेल्ट की प्रथम डिग्री (फर्स्ट डैन) प्राप्त की। यह उपलब्धि उनके वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। ग्रेडेशन टेस्ट के समापन पर हेंसी मानस सिन्हा ने तीनों खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बताया गया कि तीनों खिलाड़ी पिछले छह वर्षों से भुरकुंडा क्षेत्र के मुख्य कराटे प्रशिक्षक कियोसी नरेन्द्र सिन्हा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। उनके मार्गदर्शन और अनुशासन ने ही इन खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### पीवीयूएनएल ने 20 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए भेजा जमशेदपुर




**पतरातू :** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) ने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। इसके तहत रामगढ़ जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से चयनित 20 आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं के पहले बैच को चार माह के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जमशेदपुर रवाना किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जमशेदपुर स्थित जेएन टाटा वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाएगा, जहां युवाओं को ट्रांसफॉर्मर रिपेयर और मेंटेनेंस से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम पूरी तरह आवासीय है, जिससे प्रतिभागियों को समर्पित माहौल में सीखने का अवसर मिलेगा। रवाना करने से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को प्रशिक्षण की रूपरेखा, सुरक्षा मानकों और तकनीकी कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि वे स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकेंगे। इस मौके पर पीवीयूएनएल के सीईओ ए.के. सहगल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिमाह स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपने खर्चों को आसानी से वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में जीएम (ओ एंड एम) मनीष खेतरपाल, जीएम (मेंटेनेंस) ओ.पी. सोलंकी और हेड ऑफ एचआर जियाउर रहमान सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी लगन और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण पूरा करने की सलाह दी।

## एक नजर

### राष्ट्रीय उच्च पथ के पास झाड़ी से एक बृद्धा की लाश बरामद

**ईचागढ़** : थाना क्षेत्र के दारूदा उच्च पथ 33 के पास एक झाड़ी से वृद्ध महिला की लाश बरामद किया गया। लाश की पहचान चौका थाना क्षेत्र के दीनाई निवासी 66 वर्षीय भादु महतो के रूप में की गई। लाश की सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लाश का पहचान के बाद पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि वृद्ध महिला मानसीक रूप से विक्षिप्त थी। लाश मिलने का स्थान के अगल बगल झाड़ी में आग से झाड़ी जला हुआ था एवं मृत वृद्ध महिला का भी साड़ी कुछ हिस्सा जला हुआ था। लाश का शरीर भी जला हुआ प्रतीत होता है। लाश को नग्न अवस्था में बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारण का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर पहलू पर जांच किया जा रहा है।

### निजी विद्यालय संघ की बैठक, सरकारी की दोहरी नीति का विरोध सहयोग की मांग

**बरही** : बरही प्रखंड के पटना रोड में स्थित केसरवानी धर्मशाला में निजी विद्यालय संघ बरही की मासिक बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव एवं संचालन सचिव नितेश कुमार ने किया। सभी उपस्थित संचालकों के बीच में यह प्रस्ताव पास हुआ कि सरकार जो क्राइटेरिया हम छोटे-छोटे विद्यालयों के लिए बोल रही है उसमें जो अहर्ता पूरा होने लायक नहीं है उसके खिलाफ सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करने का कार्य किया जाएगा । बताया गया कि आज जमीन की समस्या, कमरे के साइज की जो समस्या है वह अब के बाद वाले विद्यालयों पर लागू होना चाहिए था । लेकिन जब कानून 2019 में बना है और उसके पहले से जो विद्यालय संचालित हैं उसको कम से कम उसी अवस्था में मान्यता देने का कार्य सरकार को करना चाहिए । निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विद्यालय तक संघ पहुंचेगी उनसे एक मंच पर आने के लिए प्रेरित किया जाएगा । जरूरत पड़ने पर विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा की सरकार की दोहरी नीति सिर्फ झारखंड में ही क्यों है। अन्य राज्यों में यह सारी उलझने नहीं है। सरकार को बशर्ते सहयोग करना चाहिए की शिक्षा देने का काम कम दर पर छोटे-छोटे विद्यालय ही कर रहे हैं। बड़े-बड़े विद्यालयों में निम्न वर्ग और मध्यम वर्गीय परिवार को अपने बच्चों का पढाना लिखाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

### चाकू मारने वाला आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने किया उद्भेदन

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपूगढ़ा में दिनांक 27 मार्च 2026 की रात को कोऑपरेटिव कॉलोनी नीयर दिपूगढ़ा गोलम्बर निवासी मुकेश सिंह पर राजू थोथा उर्फ प्रणय कुमार पिता कृष्णदेव प्रसाद सिंह हाउसिंग कॉलोनी दिपूगढ़ा थाना कोर्रा हजारीबाग ने चाकू से हमला कर दिया, जो मुकेश सिंह के पेट में लगा जिससे मुकेश सिंह घायल हो गये जिन्हें ईलाज हेतू तत्काल आरोग्यम अस्पताल भेजा गया । उक्त हत्या के प्रयास के आरोप में कोर्रा थाना कांड सं0-53/2026 दिनांक 28.03.2026, धारा-109 (1)/118(2)/351(3)/352 इठर दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में दिनांक 28.03.2026 को फिरार अभियुक्त राजू थोथा उर्फ प्रणय को गिरफ्तार कर लिया जिन्होने स्वीकारोक्ति ब्यान मे अपना अपराध स्वीकार किया, तत्पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# खीस्त राजा शांति शोभा यात्रा में शामिल हुए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, दिया शांति व सद्भाव का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले जिदातो मिशन मैदान में आयोजित खीस्त राजा शांति शोभा यात्रा कार्यक्रम में उपायुक्त श्री मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित करना था, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा।

**शांति स्थापित करना हम सभी का परम लक्ष्य : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमें आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने और ईश्वर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम द्वारा आयोजित इस शांति यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति स्थापित करना हम सभी का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रभु यीशु के बताए मार्ग- प्रेम, करुणा और सद्भाव- पर चलें, तो समाज एवं विश्व में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

**सभी धर्मों का संदेश—शांति, संयम और आपसी सम्मान : उपायुक्त**

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह सहित सभी धर्मों के उपदेश हमें प्रेम, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में वर्णित सिद्धांत- संयम, उपवास एवं आत्मनियंत्रण- मानव जीवन को संतुलित और शांत बनाते हैं। यदि हम इन मूल्यों को अपनाएं, तो व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर तक शांति स्थापित की जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि पाकुड़ जिला सदैव आपसी भाईचारे और सौहार्द का उदाहरण रहा है, जहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर अपने त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस शांति यात्रा का उद्देश्य भी समाज में प्रेम, एकता और आपसी सम्मान को बढ़ावा देना है।

**कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य**

देश, राज्य एवं जिला वासियों की समृद्धि, शांति एवं कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना। विश्व भर में चल रहे युद्ध, हिंसा एवं संघर्षों के शीघ्र अंत तथा स्थायी शांति की स्थापना हेतु प्रार्थना। समाज में शांति, एकता एवं सद्भाव को सुदृढ़ करने का संदेश प्रसारित करना। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु जागरूकता एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देना। बच्चों एवं महिलाओं की सेवा, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना। जिला प्रशासन के प्रयासों की सफलता हेतु प्रार्थना। राज्य के विकास कार्यों में समाज की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना। सभी समुदायों के बीच प्रेम, भाईचारा एवं एकता को बनाए रखने का संदेश देना।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल ने जारी किया वार्षिक परीक्षा का परिणाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना में सत्र 2025- 26 के वार्षिक परीक्षा फल का परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट का प्रकाशन विद्यालय के निदेशक टूकलाल साहू के निर्देशन में किया गया। रिजल्ट प्रकाशन के दौरान मंच का संचालन विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने किया और रिजल्ट देने के दौरान विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों का भी अहम योगदान रहा। अभिभावकों में अजय कुमार, प्रीतम साव, ललिता देवी, रिंकू देवी, बसंती देवी, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद जलील, अभिषेक कुमार, उमेश रविदास आदि की उपस्थिति रही। इस वर्ष क्लास सप्तम से प्रथम स्थान लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय स्थान अंशु कुमार ,तृतीय स्थान रिया राजकुमारी ने प्राप्त किया। क्लास सिक्स से प्रथम स्थान ओम राणा, द्वितीय स्थान अर्चना कुमारी, तृतीय स्थान तरन्नुम दिलकशी ने प्राप्त किया। पांचवी कक्षा से प्रथम स्थान अंकुश कुमार, द्वितीय स्थान सौरव कुमार, तृतीय स्थान आंचल कुमारी ने प्राप्त किया। चौथी कक्षा में प्रथम स्थान दीपिका कुमारी, द्वितीय स्थान ऋषि कुमारी, तृतीय स्थान आदित्य कुमार राणा ने प्राप्त किया। क्लास 3 से प्रथम स्थान आश्विक कुमार यादव, द्वितीय स्थान प्रियंका कुमारी, तृतीय स्थान मोहम्मद आकिब ने प्राप्त किया। क्लास 2 से प्रथम स्थान वंदना कुमारी, द्वितीय स्थान सौरभ कुमार, तृतीय स्थान प्रियांक पंडित ने हासिल किया।

## जामडीह गांव में जंगली हाथी का उत्पात, दुकान को किया क्षतिग्रस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : नीमडीह प्रखंड अंतर्गत जामडीह गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने गांव के मदन दास की राशन दुकान को निशाना बनाते हुए उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी ने दुकान घर का दिवाल को तोड़कर दुकान में रखे कुछ समानों को भी नष्ट कर दिया। हाथी के इस हमले से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना का विवरण मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात को दलमा वन्यजीव अभयारण्य से भटका हुआ एक विशालकाय हाथी गांव में दाखिल हुआ। हाथी ने मदन दास की दुकान की दीवार और एलबस्टर को तोड़ डाला। दुकान के अंदर रखे अनाज और अन्य सामानों को भी हाथी ने काफी नुकसान पहुँचाया। गनीमत रही कि उस वक्त दुकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड अक्सर शाम ढलते ही जन बहुल गांवों का रुख कर लेता है। मदन दास ने बताया कि उनकी दुकान ही उनकी जीविका का एकमात्र साधन थी, जिसे हाथी ने तहस-नहस कर दिया है। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और मशाल जलाकर हाथी को गांव से खदेड़ने का प्रयास किया, जिसके बाद वह जंगल की ओर चला गया। समाजसेवी समीर कुमार महतो ने वन विभाग से मुआवजे और सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने वन विभाग से अपील की है कि हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखी जाए और प्रभावित दुकानदार को उचित मुआवजा दिया जाए।

## बजरंग बली एवं वीणा पानी क्लब द्वारा रामनवमी का भव्य जुलूस में दिखाया हैरतअंगेज करतब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली क्लब नीचे टोला कुकड़ू एवं वीणा पानी क्लब कुकड़ू द्वारा सोमवार को राम नवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। अखाड़ा जुलूस का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव ने फीता काट कर किया। गाजे बाजे के साथ जुलूस पुरे गांव का भ्रमण करते हुए कुकड़ू बैंक मोड़, प्रखंड मुख्यालय चौक होते हुए कुकड़ू हाट तोला पहुंचे। प्रखंड मुख्यालय चौक में दोनों अखाड़ा जुलूस का मिलन हुआ एवं संयुक्त रूप से लाठी डंडा , तलवार व मसाल से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए जुलूस भ्रमण किया। जय बजरंगबली,जय महावीर,जय श्री राम के नारों से पुरे वातावरण गुंजायमान रहा। बुड़े से जवान भी लाठी का करतब दिखाते नजर आए। पूर्व जिला परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव भी पुरे जुलूस का नेतृत्व किया एवं लाठी खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कुकड़ू में रामनवमी जुलूस अलग-अलग दिनों में निकाला जाता है। यहां हर धार्मिक परम्परा को भाईचारे और बहुत ही अच्छे तरीके से मनाया जाता है। मास परायण, नवान्न परायण ,हरी कीर्तन एवं राम नवमी जैसे धार्मिक कार्यक्रम को बहुत ही उत्साह के साथ किया जाता है। धार्मिक कार्यक्रम के लिए कुकड़ू का एक अलग पहचान है। जुलूस को शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए तिरूलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार दलवल के साथ डटे रहे। उन्होंने रामनवमी जुलूस शांति पूर्वक सम्पन्न होने से अखाड़ा कमेटी एवं क्षेत्र के लोगों को बधाई दिया एवं आने वाले दिनों में भी इस तरह भाईचारे और सोहार्द पूर्ण वातावरण में सभी त्योहारों को मनाने में प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ नाम महायज्ञ का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : प्रखंड क्षेत्र के डुमरा सार्वजनिक हरी मंदिर समिति के तत्वावधान में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। डुमरा हरि मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय राधा गोविंद नाम महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने सितु के सीता नाला नदी से कलश में जल भरकर सिर पर रखकर करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर मंदिर तक पहुंचाया और विधिवत कलश स्थापना की गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। गाजे बाजे के साथ राधे राधे की जयघोष से माहौल को भक्तिमय बना दिया।इस महायज्ञ का आयोजन मंगलवार को गंधादिवस से नाम महायज्ञ शुक्रवार तक किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन अखण्ड राधा गोविंद नाम संकीर्तन किया जाएगा। शनिवार को धुलोट, नगर कीर्तन एवं कलश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा में पंडित कृष्ण चंद्र लायेक, नारायण चक्रवर्ती, संतोष ,जयराम माझी, साधु सिंह मुण्डा,अजय रक्षित, अक्षय प्रामाणिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद किसान की फसल काटने का आरोप, थाने में शिकायत दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर गांव से जमीन विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद एक किसान की फसल जबरन काट लेने का आरोप लगा है।पीड़ित किसान ने इस संबंध में राधानगर थाना में शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है।

**पुश्तैनी जमीन पर चल रहा है विवाद**

पीड़ित किसान तमीजुद्दीन शेख (59 वर्ष), पिता स्व. मोफाक अली शेख ने अपने आवेदन में बताया कि पियारपुर के मोजा नंबर 163, खाता संख्या 121 एवं 158 में कुल 59 बीघा पुश्तैनी जमीन उनके पूर्वजों के नाम दर्ज है, जिस पर वे वर्षों से खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस जमीन से जुड़ा विवाद वर्तमान में अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल के न्यायालय में वाद संख्या 72/2026 के तहत विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा 21 फरवरी 2026 को धारा 163 बी.एन.एस.एस. 2023 के तहत आदेश पारित करते हुए विपक्षी पक्ष को नोटिस भी जारी किया गया है।

**रात में ट्रैक्टर-हार्वेस्टर से काटी गई फसल**

आवेदन के अनुसार, 16 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे, विपक्षी पक्ष के इजराइल शेख, इब्राहिम शेख, मन्नान शेख, कयूम शेख, जमीर शेख, गनी शेख, हुसैन अली, अकबर अली, पंजरी शेख, जकीर हुसैन समेत अन्य लोग खेत में पहुंचे।आरोप है कि इन लोगों ने ट्रैक्टर और हार्वेस्टर की मदद से करीब 28 बीघा जमीन में लगी सरसों की फसल काट ली।

**विरोध करने पर मिली धमकी**

पीड़ित किसान का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस घटना के बाद से उनका परिवार डरा-सहमा है और सुरक्षा को लेकर चिंतित है।वही तमीजुद्दीन शेख ने राधानगर थाना पुलिस से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी अपील की है कि न्यायालय के आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए और उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवरटेक की जल्दबाजी में हादसा, पिकअप का अगला हिस्सा चकनाचूर



**चौपारण** : प्रखंड के ब्लॉक मोड़ स्थित जीटी रोड पर मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि पिकअप वाहन को काफी क्षति पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे एक कंटेनर वाहन खड़ा था। इसी दौरान एक क्रेन गुजर रही थी। तभी एनएचआई का एक पिकअप वाहन क्रेन को ओवरटेक कर आगे निकलने की कोशिश करने लगा। संकरी जगह और कम दूरी के कारण पिकअप क्रेन से हल्का टकरा गया। टक्कर के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप सीधे सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसा। इस हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई और लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को संभालते हुए यातायात को जल्द ही सामान्य कर दिया गया।

### दनुआ में पलटा कंटेनर, घंटों ठप रहा यातायात, पुलिस ने संभाली स्थिति



**चौपारण** : थाना क्षेत्र के दनूआ घाटी स्थित महानेटांड़ कट के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर चल रहा कंटेनर (एनएल 01 एजी 0462) अचानक सड़क पर पलट गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कंटेनर सड़क के बीचों-बीच पलट जाने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से कंटेनर को सड़क किनारे हटवाया, जिसके बाद बाधित यातायात को धीरे-धीरे सामान्य किया गया। घायल चालक को तुरंत चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

### कलश स्थापना के साथ हुआ महाभारत पाठ महायज्ञ की शुरूआत



**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह स्थित हरि मंदिर में श्री श्री अखण्ड महाभारत साप्ताहिक पाठ महायज्ञ की शुरूआत कलश स्थापना के साथ हुई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। हरि मंदिर तिरुलडीह में आयोजित इस महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने तिरुलडीह सुवर्णरेखा नदी से कलश में जल भरकर सिर पर रखकर मंदिर तक पहुंचाया और विधिवत स्थापना की गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। इस महायज्ञ का आयोजन 31 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन अखण्ड महाभारत पाठ होगा। समापन के दिन जागरण रात्रि और 7 अप्रैल को पूणार्हुति एवं कलश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा में पंडित वशिष्ठ नारायण पांडेय, पंडित राजू पांडेय, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा(रामबालक), और तिरुलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आंधी तुफान से जहां गर्मी से राहत मिली वहीं घरों व पेड़ों को किया क्षतिग्रस्त



**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम को अचानक आई आंधी तुफान से कई छप्परों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पेड़ों के टहनियां हवा के झोंके से टुट कर क्षतिग्रस्त हो गया। आम पेड़ों पर लगे फल गिरकर नष्ट हो गया। सब्जी खेतों पर भी तुफान का असर देखने को मिला। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली , लेकिन कई घरों का छप्पर उड़ गया। आंधी तुफान से मिलन चौक सितु में प्रदीप दास का खपड़ेल मकान को पुरी तरह ढाह दिया। पुरा खपड़ेल मकान जमींदोज हो गया। गनीमत रहा की उस समय परिजन उस घर पर मौजूद नही थे , जिससे एक बड़ी घटना टल गया। गृह स्वामी प्रदीप दास ने पंचायत प्रतिनिधि एवं अंचलाधिकारी से आपदा प्रबंधन कि ओर से क्षति मकान का मुआवजा देने का मांग किया है। वहीं अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने लोगों से अपील किया है कि आंधी तुफान की स्थिति में कच्चे मकान, टीना सेड एवं पेड़ के नीचे नही रहे । उन्होंने ऐसी स्थिति में सुरक्षित जगहों पर रहने का भी अपील किया।

# महिला सुरक्षा का सही रास्ता क्या है?

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है या उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल की घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह बहस फिर तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है। जब कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी केवल और केवल उसी व्यक्ति की होती है। इसे महिला स्वतंत्रता या उसके व्यवहार से जोड़ना न केवल गलत है बल्कि यह पीड़िता को ही दोषी ठहराने जैसा है। समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। सुरक्षा का संबंध व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने से नहीं बल्कि समाज में न्याय, कानून और जागरूकता की मजबूती से है। यह भी कहा जाता है कि महिलाएं स्वभाव से भावुक होती हैं और इसी कारण वे आसानी से किसी के प्रभाव में आ जाती हैं। हालांकि यह आंशिक रूप से सही हो सकता है कि महिलाएं भावनात्मक रूप से अधिक अभिव्यक्त होती हैं लेकिन इसे उनकी कमजोरी मान लेना बड़ी भूल है। भावनाएं मानव स्वभाव का हिस्सा हैं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। असल समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति इन भावनाओं का गलत फायदा उठाता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि महिलाओं की भावनाओं को दबा दिया जाए या उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए बल्कि यह है कि समाज में ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो दूसरों का शोषण करते हैं। आधुनिक समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और अपने निर्णय लेने का अधिकार मिला है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसने उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी आई हैं। स्वतंत्रता का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यह केवल महिलाओं पर ही नहीं, बल्कि पुरुषों पर भी लागू होता है। यदि कोई व्यक्ति गलत निर्णय लेता है, तो उसका परिणाम उसे भुगतना पड़ सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्वतंत्रता ही गलत है। स्वतंत्रता का दुरुपयोग और स्वतंत्रता स्वयं- दोनों में अंतर समझना आवश्यक है। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पहले के समय में महिलाएं अधिक सुरक्षित थीं क्योंकि वे घर की चारदीवारी में रहती थीं। लेकिन यह धारणा भी पूरी तरह सही नहीं है। उस समय भी महिलाओं के साथ अन्याय और शोषण होता था लेकिन वे आवाज नहीं उठा पाती थीं। आज के समय में कम-से-कम महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, अपनी बात कह सकती हैं और न्याय की मांग कर सकती हैं। यह बदलाव समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। रेप और अन्य अपराधों के बढ़ते आंकड़े निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं। लेकिन इनका कारण महिलाओं की स्वतंत्रता नहीं बल्कि अपराधियों की मानसिकता, कानून का कमजोर क्रियान्वयन और समाज में व्याप्त गलत सोच है। यदि किसी समस्या का समाधान खोजना है तो उसके वास्तविक कारणों को समझना होगा।

## सूडोकु नवताल- 7751

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7750 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# हजारीबाग की रामनवमी का डीजे संस्करण

**गौतम सागर राणा**



पूर्व विधायक सह 74 आंदोलन और झारखंड अलग प्रांत संघर्ष के अग्रिम पंक्ति के योद्धा गौतम सागर राणा ने हजारीबाग की रामनवमी जुलूस की गौरवशाली परंपरा के होते ह्रास स्वरूप पर एक लघु नाट्य 'हजारीबाग की रामनवमी का डीजे संस्करण' (व्यंग्य संवाद) शीर्षक से लिखकर जुलूस में शामिल होने वाले लोगों को जगाने का काम किया है। उनकी जन्म और कर्म भूमि हजारीबाग है। वे बचपन से ही अपने पिता के साथ रामनवमी जुलुस में शामिल होकर बडे हुए हैं। इसके साथ ही वे बीते पचास वर्षों से अधिक समय से रामनवमी से किसी न किसी रूप जुड़े रहे हैं। वे हर वर्ष रामनवमी पर्व पर सपरिवार हजारीबाग में रहते हैं। वे बहुत आनन्द के साथ अपने परिवार और मित्रों के संग रामनवमी के जुलूस में भी भाग लेते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रामनवमी पर्व पर कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए सेवा शिविरों के माध्यम से अपनी सेवा भी अर्पित करते रहे हैं।

बीते कुछ वर्षों से हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी और वर्ल्ड फेमस रामनवमी के नामों जाना जा रहा है। इस महाजुलूस को देखने के लिये काफी संख्या में लोग हजारीबाग आते हैं। 1918 में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन सर्वप्रथम गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों के साथ एक महावीरी झंडे को लेकर रामनवमी जुलूस की नींव रखी थी। उद्देश्य रहा था, मयार्दा पुरुषोत्तम राम के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का। समाज में व्याप्त को कुरीति को दूर भगाने का। समाज की आधी आबादी नारी शक्ति को उसके अधिकारों से परिचित कराने का। इसके साथ ही हिंदू समाज में नवजागृति लाने का। ठीक इन उद्देश्यों के विपरीत बीते 108 वर्षों में रामनवमी के जुलूस को कहां पहुंचा दिया है। आज डीजे के शोर, शराब और अश्लील गानों के बीच रामनवमी की गौरवशाली परंपरा कहीं खोती चली जा रही है। यह बेहद चिंता की बात है।

2026 की रामनवमी जुलूस ने इन सारे हदों को पार कर दिया । इस जुलूस ने चार माताओं को ऐसा घाव दे गया कि उसके गम को कभी भी भूला नहीं पाएगीं । जब-जब भी रामनवमी आएगी इन माताओं को अपने - अपने पुत्र के खोने देने की यादें सताती और रूलाती रहेगी। इस बार की रामनवमी ने चार हजार लोगों के चोटिल होने का भी एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। हाईटेक डीजे, अश्लील गानो के मध्य शराब सेवन कर राम भक्तो को नाचते - झूमते और अपने ही लोगों को चोटिल करते देखकर स्वर्ग में विराजमान सबों के आराध्य भगवान राम और भक्त हनुमान के बीच हुए संवाद को 'हजारीबाग की रामनवमी का डीजे संस्करण' शीर्षक से इस लघु नाट्य में व्यंग्य संवाद के तौर पर प्रस्तुत कर गौतम सागर राणा ने सकल समाज को आईना दिखाने का काम किया है। उनकी कलम से लघु नाट्य प्रस्तुत है।

अयोध्या से थोड़ी दूरी पर, आकाश मार्ग से गुजरते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम राम और उनके परम भक्त हनुमान अचानक ठिठक जाते हैं। नीचे हजारीबाग में गगनभेदी डीजे, पटाखों और नशे में धुत युवाओं की 'भक्ति' अपने चरम पर है।

हनुमान (कानों पर हाथ रखते हुए) : प्रभु! ये कौन-सा 'सुंदरकांड' चल रहा है? मुझे तो 'भयंकरकांड' लग रहा है।

राम (मुस्कुराते हुए, गहरी व्यथा के साथ) : पवनपुत्र, लगता है यह 'रामनवमी' का नया संस्करण है – डीजे मिक्स भक्ति। इसमें भजन कम और बेस ज्यादा है।

हनुमान : प्रभु, देखिए- ये जो युवक तलवार घुमा रहा है, वही अभी पांच मिनट पहले गिरकर उठा था। लगता है 'भक्ति' का स्तर अब बोतल कि ऊँचाई से मापा जाता है।

राम : हाँ, और जो सबसे ज्यादा चिल्ला रहा है – 'जय श्री राम!'– वही शायद कल तक स्कूल का रास्ता भूल चुका था।

हनुमान (थोड़ा क्रोधित) : प्रभु, मुझे अनुमति दें। एक झटका दूँ, और इनकी 'भक्ति' का नेटवर्क डाउन कर दूँ! ये लोग आपके नाम पर वैमनस्य फैला रहे हैं, हिन्दू-मुस्लिम का जहर बो रहे हैं, और कहते हैं – 'तुम हिंदू नहीं हो क्या?'

राम (शांत स्वर में) : वात्सल्य रखो, हनुमान। मैंने हर मानव को विवेक दिया है, परंतु उसका उपयोग करना उनका अपना कर्तव्य है। अगर वो विवेक छोड़ दें, तो दोष मेरे सृजन का नहीं, उनके चयन का है।

हनुमान : पर प्रभु, ये कैसी भक्ति है? ना विज्ञान की चिंता, ना शिक्षा की बात, ना मानव विकास का ध्यान- देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बढ़ रहा है, दुनिया चाँद पर कॉलोनी की बात कर रही है, और ये लोग डीजे के स्पीकर पर ही भविष्य ढूंढ रहे हैं?

राम (हल्के व्यंग्य में) : सही कहा तुमने। जब पूरी दुनिया इनोवेशन में लगी है, तब ये 'डीजे की ऊँचाई' को ही विकास मान बैठे हैं। शायद इनके लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट इंडेक्स का मतलब है – 'साउंड सिस्टम कितना सस्टेनेबल है।'

हनुमान (कटाक्ष करते हुए) : और आर्थिक स्थिति देखिए प्रभु! रुपया गिरता जा रहा है, लेकिन इनकी 'भक्ति' का खर्च बढ़ता जा रहा है। जितनी तेज डीजे की आवाज, उतनी गहरी जेब की खाली आवाज।

राम : और विडंबना देखो! जिस देश में गौतम बुद्ध ने करुणा सिखाई, महावीर ने अहिंसा, गुरु नानक ने भाईचारा, कबीर ने सत्य, तुलसीदास और रसखान ने प्रेमङ्क, वहीं आज 'भक्ति' का अर्थ हो गया है – शोर, नशा और प्रदर्शन।

हनुमान (गंभीर होकर) : प्रभु, ये वही देश है ना- जहां हिमालय है, समुद्र है, उपजाऊ मिट्टी है, खनिज संपदा है- फिर भी दो सौ साल तक गुलामी में रहा। अब समझ में आता है – जब लोग सोचने की शक्ति छोड़ दें, तो संपदा भी बेकार हो जाती है।

राम : और आज भी वही स्थिति है, हनुमान। दुनिया के बूढ़े देश आगे बढ़ रहे हैं,और हमारा डेमोग्राफी डेविडेन्ट – ये युवा शक्ति – डीजे के सामने 'डिविडेंड' नहीं, 'डिस्ट्रैक्शन बन गया है।

हनुमान (अपने स्वर में पीड़ा) : प्रभु, मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि इन्होंने मेरा चेहरा ही बदल दिया। जहाँ धैर्य और सेवा मेरी पहचान थी, वहाँ अब गुस्सा और उन्माद दिखाया जाता है। अगर मेरे चेहरे पर क्रोध आ जाए- तो मैं हनुमान ही क्या!

राम (गंभीर होकर) : और अगर मेरे चेहरे पर गांडीव उठाने जैसा आक्रोश दिखे- तो मैं राम ही क्या? मयार्दा का अर्थ इन्होंने कभी समझा ही नहीं।

हनुमान (राजनीति और मीडिया पर कटाक्ष) : प्रभु, ये सब नेताओं और मीडिया की देन भी है। झूठ फैलाना, समाज में जहर घोलना – यही तो इनका काम बन गया है।

राम (धीरे से रोकते हुए) : नहीं हनुमान, दोष केवल उनका नहीं। जो सुनता है, जो मानता है – उसकी भी जिम्मेदारी है। अगर हर व्यक्ति अपने विवेक का उपयोग करे, तो कोई उसे भटका नहीं सकता।

(नीचे डीजे का बेस और तेज हो जाता है- एक युवक चिल्लाता है – 'जो हमारे साथ नहीं, वो धर्म का दुश्मन!')

हनुमान (व्यंग्य से) : प्रभु, अब तो लगता है 'रामनवमी' का असली प्रसाद दारू, डीजे और डायलॉग हो गया है।

राम (हल्की मुस्कान, गहरी पीड़ा के साथ) : हां, और 'भक्ति' अब उतनी ही है- जितनी शराब के उतरने तक टिके।

(कुछ दूरी पर पुलिस और प्रशासन स्थिति संभालते दिखते हैं)

हनुमान (आश्चर्य से) : प्रभु, ये देखिए- कुछ लोग अब भी व्यवस्था बनाए रखने में लगे हैं।

राम (संतोष के साथ) : हां, यही आशा है। इनकी निष्ठा ही इस समाज के ताने-बाने को बचाए हुए है। जब तक कुछ लोग अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे, तब तक संतुलन बना रहेगा।

हनुमान : तो प्रभु, क्या कभी ये लोग समझ पाएंगे 'मर्यादा' का अर्थ?

राम (आकाश की ओर देखते हुए) : जब शोर से थक जाएंगे, तब शायद शांति की तलाश करेंगे। और वही दिन – सच्ची रामनवमी होगी।

(नीचे डीजे बजता रहता है- ऊपर आकाश में दो दिव्य आकृतियां मौन हो जाती हैं – व्यंग्य, पीड़ा और उम्मीद के बीच।)

# वैश्विक भारत : उद्योगों की रफ्तार, अर्थव्यवस्था का विस्तार

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में ऐसी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसकी गति, स्थिरता और विविधता ये तीनों ही उसे विशेष बनाती हैं। इस संबंध में सामने आए आर्थिक आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में दर्ज प्रगति इस व्यापक आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है।

फरवरी 2026 में भारत की औद्योगिक वृद्धि दर बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी के 4.8 प्रतिशत से अधिक है। कहना होगा कि यह वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता और विस्तार का प्रमाण है। इस वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा योगदान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का रहा, जिसने छह प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। चूंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 75 प्रतिशत है, इसलिए इसका मजबूत प्रदर्शन पूरी औद्योगिक अर्थव्यवस्था को गति देता है।

वस्तुतः मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की यह प्रगति आज कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह उत्पादन क्षमता में वृद्धि को तो दशार्ती ही है, साथ में रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत जैसे युवा देश में, जहां हर वर्ष लाखों छात्र इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं, वहां यह क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम बनता जा रहा है। फरवरी 2026 में मैन्युफैक्चरिंग के 23 उद्योग समूहों में से 14 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होना इस क्षेत्र की व्यापक मजबूती को दर्शाता है।

विशेष रूप से बुनियादी धातु, मोटर वाहन और मशीनरी एवं उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि यह संकेत देती है कि भारत का औद्योगिक ढांचा अब अधिक परिपक्व और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। बुनियादी धातु क्षेत्र में वृद्धि से निर्माण और अवसंरचना को बल मिलता है, जबकि ऑटोमोबाइल और मशीनरी क्षेत्र कृषि, परिवहन और उद्योगों की उत्पादकता को बढ़ाते हैं। खनन और बिजली क्षेत्र भी इस विकास यात्रा में पीछे नहीं हैं। फरवरी में खनन क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ये दोनों क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों की रीढ़ माने जाते हैं और इनमें वृद्धि का अर्थ है कि उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चा माल और ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

इसके अलावा उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था के भीतर हो रहे संरचनात्मक परिवर्तन को उजागर करते हैं। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि यह दशार्ती है कि उद्योगों में निवेश बढ़ रहा है। मशीनों और उपकरणों का अधिक उत्पादन इस बात का संकेत है कि उद्योग विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे भविष्य में उत्पादन, आय और रोजगार में और वृद्धि होगी।

इसी प्रकार उपभोक्ता वस्तुओं, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक सामान, रेफ्रिजरेटर और टीवी के उत्पादन में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि यह स्पष्ट करती है कि देश में मांग का स्तर बढ़ रहा है। यह बढ़ती आय, मध्यम वर्ग के विस्तार और उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। जब उपभोक्ता खर्च बढ़ता है, तब यह पूरे आर्थिक चक्र को गति देता है, उत्पादन बढ़ता है, रोजगार सृजित होते हैं और निवेश को प्रोत्साहन मिलता है।

यहां उल्लेखित है कि भारत की आर्थिक मजबूती का एक अन्य प्रमुख आधार सरकार द्वारा अवसंरचना क्षेत्र में किया जा रहा भारी निवेश है। राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे परियोजनाओं में लगातार बढ़ते निवेश के कारण अवसंरचना और निर्माण सामग्री क्षेत्र में फरवरी में 11.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। निश्चित ही यह उस दीर्घकालिक दृष्टि का परिणाम है, जिसके तहत सरकार देश को एक मजबूत लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी नेटवर्क प्रदान कर रही है।

इन परियोजनाओं का प्रभाव बहुआयामी है। एक ओर ये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करती हैं, वहीं दूसरी ओर उद्योगों के लिए लागत कम करती हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाती हैं। बेहतर सड़क और रेल नेटवर्क से माल परिवहन तेज और सस्ता होता है, जिससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलता है। यदि व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था कई अन्य सकारात्मक संकेत भी दे रही है। देश की जीडीपी वृद्धि दर विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय संस्थान जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक भी भारत को आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देख रहे हैं।

भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का प्रवाह लगातार बना हुआ है, जो वैश्विक निवेशकों के भरोसे को दशार्ता है। ह्यमेक इन इंडियाह्न, ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न और ह्यपीएलआई (उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन)ह्न जैसी योजनाओं ने मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को नई दिशा दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, रक्षा उत्पादन और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। साथ में देखने में आ रहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था भी भारत की ताकत का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और पारदर्शी बनाया है। इससे न सिर्फ वित्तीय समावेशन बढ़ा है, बल्कि छोटे और मध्यम उद्यमों को भी नई ऊर्जा मिली है।

महंगाई पर नियंत्रण और वित्तीय अनुशासन भी भारत की आर्थिक स्थिरता को मजबूत बनाते हैं। सरकार द्वारा संतुलित राजकोषीय नीति और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीतियों ने अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां मौजूद हैं, जैसे भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव फिर भी यहां अच्छी बात यह है कि भारत ने अपनी नीतिगत दृढ़ता और आंतरिक मांग के बल पर इनका प्रभाव सीमित रखा है।

अंततः, फरवरी 2026 के भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े सिर्फ एक महीने की उपलब्धि न होकर यह उस निरंतर प्रयास और नीति-निर्माण का परिणाम हैं, जोकि भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। मैन्युफैक्चरिंग की गति, पूंजीगत निवेश में वृद्धि, उपभोक्ता मांग का विस्तार और अवसंरचना पर फोकस, कहना होगा कि ये सभी मिलकर आज एक ऐसे आर्थिक परिदृश्य का निर्माण कर रहे हैं, जोकि आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में स्थापित कर सकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत वर्तमान में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसके विकास की दिशा भी फिलहाल सुदृढ़ और टिकाऊ है।

# चीनी सीसीटीवी बैन करते थे मुखबिरी?

**अजय कुमार**

देश भर में सुरक्षा की दीवार खड़ी करने के नाम पर लगाए जा रहे कैमरे अब खुद सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए थे। लेकिन अब सरकार ने इस चुपके से फैल रही जासूसी के जाल पर सख्ती से हमला बोला है। 1 अप्रैल 2026 से चीनी कंपनियों के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री पर रोक लग जाएगी। हिकविजन, दाहुआ और टीपी लिंक जैसे ब्रांड बिना एसटीक्यूसी सर्टिफिकेशन के अब बाजार में नहीं आ सकेंगे। यह फैसला सिर्फ बाजार को बदलने वाला नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा को नई दिशा देने वाला है। हाल की घटनाओं ने साफ कर दिया कि सस्ते कैमरों के पीछे कितना बड़ा खतरा छिपा था।पिछले कुछ हफ्तों में गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसा जासूसी गिरोह पकड़ा, जिसमें पाकिस्तान की आईएसआई सीधे भारतीय रेलवे स्टेशनों की निगरानी कर रही थी। दिल्ली कैंट और सोनीपत स्टेशन के पास सोलर पैनल वाले छिपे कैमरे लगाए गए थे। इनकी लाइव फीड पाकिस्तान तक पहुंच रही थी। अठारह दिन तक सोनीपत स्टेशन के प्लेटफॉर्मों की हर गतिविधि दुश्मन की स्क्रीन पर दिख रही थी। यह सिर्फ एक मामला नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे देश में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने सभी बड़े शहरों में हर कैमरे की फिजिकल वेरिफिकेशन का आदेश दिया है। क्योंकि पता चला कि कई कैमरे न सिर्फ विदेशी सर्वर से जुड़े थे, बल्कि उनकी फीड बिना किसी की जानकारी के बाहर भेजी जा रही थी।

भारत में सीसीटीवी का विस्फोटक विस्तार हुआ है। हर घर के गेट पर, ड्रॉइंग रूम में, बच्चों के कमरे के बाहर, यहां तक कि किचन और बेडरूम तक कैमरे लग रहे हैं। कीमतें गिरने के कारण चीन से सस्ते हार्डवेयर आयात हो रहे थे। भारतीय कंपनियां उन पर अपना स्टिकर चिपका कर बेच रही थीं। लेकिन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों में कमजोरियां थीं। कैमरा सेटअप करते ही यूजर को कंसेंट देना पड़ता था कि कंपनी रिकॉर्डिंग को ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करेगी। इसका मतलब साफ था कि आपकी निजी जिंदगी किसी और की स्क्रीन पर भी हो सकती है। डेटा विदेशी सर्वर पर जा रहा था। पासवर्ड डिफॉल्ट रखे जाते थे। इंस्टॉलर सालों तक उसी पासवर्ड से एक्सेस रखता था। फर्मवेयर अपडेट नजरअंदाज कर दिए जाते थे। नतीजा यह कि घर की हर गतिविधि, कब कौन आया, कब बाहर गया, सब किसी और के पास पहुंच जाता था।यह खतरा सिर्फ घरों तक सीमित नहीं था। पब्लिक जगहों पर लगे कैमरे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहे थे। रेलवे स्टेशनों, सरकारी दफ्तरों और संवेदनशील इलाकों में भी यही चीनी कैमरे लगे थे। हाल की जासूसी घटनाओं ने दिखा दिया कि दुश्मन इन्हें आसानी से हाइजैक कर सकता है। मिडिल ईस्ट की हालिया जंग में भी सीसीटीवी को टारगेट बनाकर प्रेसाइज अटैक किए गए थे। भारत में भी यही आशंका थी। इसलिए सरकार ने अब सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। मीटवाई ने सीसीटीवी के लिए एसेंशियल रिक्वायरमेंट्स तय किए हैं। हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सोर्स कोड, सबकी जांच होगी। बिना सर्टिफिकेशन के कैमरे बेचना गैरकानूनी होगा। यह नियम सरकारी खरीद पर पहले से लागू था, लेकिन अब निजी बाजार पर भी पूरी तरह लागू हो जाएगा।

नए नियमों का सबसे बड़ा फायदा भारतीय कंपनियों को मिलेगा। सीपी प्लस, स्पार्श, मैट्रिक्स जैसी देशी ब्रांड्स अब बाजार पर कब्जा कर लेंगी। पहले चीनी ब्रांड्स ने सस्ती कीमत के नाम पर तीस प्रतिशत से ज्यादा बाजार हिस्सा हथिया लिया था। अब कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं, लेकिन सुरक्षा की कीमत चुकाने लायक है। सरकार का कहना है कि हर कैमरे में एंड टू एंड एनक्रिप्शन, लोकल डेटा स्टोरेज और पारदर्शी सर्वर पॉलिसी होनी चाहिए। डेटा भारत में ही रहेगा। कोई विदेशी सर्वर नहीं। यह बदलाव न सिर्फ जासूसी रोकने के लिए जरूरी है, बल्कि आम नागरिक की निजी जिंदगी की रक्षा के लिए भी है।फिर भी सबसे बड़ा सवाल पुराने कैमरों का है। देश में करोड़ों सीसीटीवी पहले से लगे हुए हैं। इनमें ज्यादातर के पासवर्ड कभी बदले नहीं गए। फर्मवेयर अपडेट नहीं हुए। इंस्टॉलर के पास अभी भी एक्सेस हो सकता है। कई मामलों में घर के कैमरे से ब्लैकमेलिंग के प्रयास भी सामने आए हैं। कोई आपके घर की रूटीन जान ले तो फिजिकल सिक्योरिटी भी खतरे में पड़ जाती है। इसलिए सरकार को सिर्फ नई बिक्री रोकने से काम नहीं चलेगा। मौजूदा कैमरों का पूरा ऑडिट करना होगा, खासकर पब्लिक प्लेसेज में। हर कैमरे की लोकेशन, मॉडल और सिक्योरिटी चेक हो। आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। अगर आप घर में सीसीटीवी लगा रहे हैं, तो कुछ बुनियादी बातें याद रखें। इंस्टॉलेशन के तुरंत बाद डिफॉल्ट पासवर्ड बदल दें। मजबूत पासवर्ड रखें, जिसमें अक्षर, अंक और स्पेशल कैरेक्टर हों। इंस्टॉलर को कभी भी एडमिन एक्सेस न दें। उसके फोन से लॉगआउट करवाएं। ब्रांड चुनते समय पूछें कि डेटा कहां स्टोर होता है। एंड टू एंड एनक्रिप्शन वाले कैमरे चुनें। फर्मवेयर और ऐप नियमित अपडेट करें। अगर संभव हो, तो कैमरे को अलग गेस्ट नेटवर्क पर चलाएं। रिमोट एक्सेस की जरूरत न हो, तो उसे बंद रखें। बेडरूम या निजी जगहों पर कैमरा लगाने से पहले दो बार सोचें। सुरक्षा जरूरी है, लेकिन गोपनीयता उससे भी ज्यादा।यह फैसला सिर्फ एक ब्रांड पर रोक नहीं है। यह पूरे सिस्टम को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। चीन से आयातित कैमरों में हार्डवेयर बैकडोर की आशंका हमेशा रही है। सॉफ्टवेयर भी थर्ड पार्टी का इस्तेमाल होता था।

## दैनिक पंचांग

**1 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.36 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.16 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.27 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.44 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.56 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.21 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.37 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.42 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कुंभ | 03.29 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.01 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 91 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 07.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 16.18 बजे को समाप्त। **योग** वृद्धि 14.51 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.07 बजे तदनन्तर विष्टि 19.21 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872666 **जूलियन दिन** 2461131.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 12 **विशेष** पंगुनी उथिरम, बैंक अवकाश, हाटकेश्वर जयंती, गुरु हरकिशन पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 | से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 | से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 | से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 | से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 | से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 | से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 | से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 | से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 | से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 | से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 | से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 | से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पीड़ितों को त्वरित न्याय और आर्थिक संबल दिलाना प्राथमिकता : पीडीजे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित जिलास्तरीय मॉनिटरिंग बैठक में पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा उपलब्ध कराने और विधिक सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने की। बैठक के दौरान विक्टिम कम्पनसेशन स्कीम के तहत कुल 19 मामलों की समीक्षा की गई,जिनमें 15 अंतिम मुआवजा (फाइनल कम्पनसेशन) तथा 4 अंतरिम मुआवजा से जुड़े आवेदन शामिल थे। सभी मामलों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए,ताकि इनका निष्पादन शीघ्र और पारदर्शी तरीके से किया जा सके। अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि पीड़ित मुआवजा योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं,बल्कि पीड़ितों को न्याय की प्रक्रिया में भरोसा दिलाना भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभुकों को समयसीमा के भीतर मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विचाराधीन बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों के अधिकारों की रक्षा और उनके लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायिक एवं प्रशासनिक तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुगम बन सके। इसके अतिरिक्त निःशुल्क विधिक सहायता एवं कोर्ट फीस के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्राधिकार की उपाध्यक्ष सह उपायुक्त कंचन सिंह, सदस्य सह पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस.खोटरे, एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम निताशा बारला, एसडीजेएम सुम्मी बीना होरो, सिविल सर्जन डॉ.सुंदर मोहन सामद, एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा सहित अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों और एजेंडे की जानकारी दी, जिसके बाद क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## एक नजर

### गोमिया में हाथियों की दहशत, फॉरेस्ट विभाग ने जारी किया अलर्ट

**बोकारो :** बोकारो के गोमिया में हाथी को लेकर फॉरेस्ट विभाग ने अलर्ट और चेतावनी जारी किया है जिसमें सभी ग्रामवासियों को सूचित किया गया है कि इस क्षेत्र में हाथियों के 2 अलग-अलग झुंड देखे गए हैं जिसमें पहला झुंड जगेश्वर के पास और दूसरा झुंड गांगपुर और धरमपुर के पास देखा गया है। इसके साथ ही महुआटांड़, जगेश्वर और बड़की पुन्नू क्षेत्र के सभी आस-पास के गांवों से अनुरोध किया गया है कि वे पूरी तरह से सतर्क रहें। साथ ही जरूरी निर्देश जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि जब तक कोई बहुत जरूरी काम या आपात स्थिति (इमरजेंसी) न हो, कृपया घर से बाहर न निकलें। अपनी सुरक्षा के लिए केवल पक्के मकानों के अंदर या छत पर ही आश्रय लें। हाथी आपकी बस्ती या घर के आस-पास दिखाई दे, तो घबराएं नहीं। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए तुरंत वन विभाग की क्यूआरटी टीम से संपर्क करें।

### शादी समारोह में जुटे जनप्रतिनिधि, जोसिमा खाखा ने वर वधू को दिया आशीर्वाद

**कुरडेग :** प्रखंड निवासी कांग्रेस के प्रखंड प्रवक्ता समीम अंसारी की बहन के शादी समारोह में जिप सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा शामिल होकर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, सीमा सीता एक्का, शजदा खातून, पुष्पा देवी, अलका देवी, उर्मिला केरकेटा, प्रतिमा कुजूर, एजाज अहमद, नीलिमा कुजूर, अक्षन खान, नीलिमा खाखा, शीतल तिर्की, मनोज जायसवाल, दीपक, तुलसी प्रांगत खलखो, शुचिता तिर्की, डॉ इम्तियाज, दीपक जायसवाल, वशीर अंसारी, रफीक, मनुवर, वशीम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर सभी अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### यज्ञ महोत्सव का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा में दिखी आस्था की अद्भुत झलक

**कोलेबिरा :** प्रखंड के ग्राम बरसलोया में आयोजित चार दिवसीय यज्ञ महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भव्य एवं अनुशासित कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान पंडित लखेश्वर पंडा, पवन शर्मा एवं मानस रंजन पंडा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश पूजन संपन्न कराया गया। महिलाएं, युवतियां एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर कतारबद्ध ढंग से शामिल हुए, जो आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। सुबह से ही पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। यात्रा के दौरान डीजे भक्ति गीतों, बैंड बाजा एवं ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। युवा वर्ग भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए, वहीं महिलाएं श्रद्धा भाव से आगे बढ़ती रहीं। श्रद्धालुओं का अनुशासन, एकता और उत्साह इस यात्रा की प्रमुख विशेषता रही। यह भव्य कलश यात्रा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से निकलकर रामजानकी चौक, बाजारडाढ़, आमटोली होते हुए केतुंगाधाम शिव मंदिर पहुंची और वहां से मालगो नदी तट तक गई। पूरे मार्ग में ग्रामीणों द्वारा जलपान एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हुई। मालगो नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कलश में पवित्र जल भरवाया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन

### कार्यकर्ताओं को मिला संगठन सुदृढ़ करने का मंत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बांसजोर :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज बोलबा मंडल, सेवई मंडल एवं बांसजोर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करना तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह-प्रवक्ता अशोक बड़ाईक शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत आज भी भाजपा की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसके लिए हर कार्यकर्ता को समर्पित भाव से कार्य करना होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। हर कार्यकर्ता अगर अपने बूथ को मजबूत कर ले, तो संगठन अपने आप मजबूत हो जाएगा। बोलबा मंडल प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि संगठन सेवा और समर्पण से ही मजबूत होता है, इसमें हर कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। हमें जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा। सेवई मंडल प्रभाड़ी तुलसी साहु ने कहा किबूथ स्तर पर सक्रियता ही भाजपा की जीत की कुंजी है। कार्यकर्ताओं को हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना चाहिए। वक्ता रामविलास बड़ाईक ने कहा कि अनुशासन और निरंतर मेहनत से ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।

## बरपानी गांव में सोलर ग्रिड परियोजना का शुभारंभ, नौ गांव होंगे रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकरटांड़ :** प्रखंड के बरपानी गांव में आज एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सोलर माइक्रो ग्रिड परियोजना का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं परियोजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। बरपानी सहित आसपास के कई गांव वर्षों से बिजली की सुविधा से वंचित थे, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन, बच्चों की पढ़ाई और आजीविका में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस सोलर ग्रिड परियोजना के माध्यम से इन गांवों में पहली बार स्थायी और स्वच्छ बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह परियोजना टी.आर.आई के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसमें ग्राम ऊर्जा द्वारा तकनीकी सहयोग और एचडीएफसी बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस पहल के तहत कुल 9 गांवों को सोलर ऊर्जा से विद्युतीकृत किया जाएगा। परियोजना के संचालन एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी ग्राम ऊर्जा समिति को सौंपी गई है। यह समिति गांव के लोगों द्वारा मिलकर गठित की गई है, जो सोलर ग्रिड के प्रबंधन, देखभाल और सुचारू संचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। इससे स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और स्थायित्व सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम के दौरान सोलर ग्रिड का उद्घाटन, जनजागरूकता गतिविधियां एवं ग्रामीणों के साथ संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को ऊर्जा से जुड़े उपयोगों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस परियोजना के शुरू होने से न केवल घरों में रोशनी पहुंचेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आधारित आजीविका के नए अवसर भी विकसित होंगे। छोटे व्यवसाय, कृषि प्रसंस्करण और अन्य स्थानीय गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। यह पहल सिमडेगा जिले में स्वच्छ ऊर्जा, आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## चास के 14 नम्बर वार्ड पार्षद के देवर पर विकलांग को पीटने का आरोप,10 दिनों बाद भी पुलिस मौन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चास सुशासन और कानून व्यवस्था के दावों के बीच चास नगर निगम क्षेत्र से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 14 में एक दिव्यांग व्यक्ति, सुभम कुमार के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस प्रताड़ना के पीछे स्थानीय 14 नम्बर वार्ड पार्षद मंजू देवी के देवर का नाम सामने आ रहा है। पीड़ित सुभम का आरोप है कि वार्ड पार्षद के देवर ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और उनके साथ गाली-गलौज की। सुभम का कहना है कि आरोपी अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाकर उन्हें लगातार डरा-धमका रहा है, जिससे उनका और उनके परिवार का जीना मुहाल हो गया है। मैं गार्ड का काम करके अपना घर चलता हूँ और शारीरिक रूप से अक्षम हूँ, लेकिन मेरी रक्षा करने के बजाय सत्ता के नशे में चूर लोग मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं। मुझे जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू पुलिस की चुप्पी है। पीड़ित ने बताया कि, ?घटना को बीते 10 दिन से ज्यादा का समय हो चुका है। लिखित शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई प्राथमिकी पर कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीड़ित परिवार दहशत में है। नगर निगम के एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के परिजनों द्वारा एक विकलांग व्यक्ति को निशाना बनाना समाज की संवेदनशीलता पर कड़ा प्रहार है। सवाल यह उठता है कि क्या चास में कानून की धाराएं रसूखदारों को देखकर बदल जाती हैं? आखिर क्यों एक दिव्यांग व्यक्ति को न्याय पाने के लिए 10 दिनों तक थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं? ?प्रशासन को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। विकलांग व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आरोपी पर निष्पक्ष कार्रवाई करना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए बोकारो एसपी और डीसी को भी आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं की गई है हम डीसी एसपी साहब से आग्रह करते है की मेरे समस्या पर गंभीर ले और उस पर करवाई करें।

## बीएसएल के सेंट्रल मेंटेनेंस विभाग में सुझाव मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग (आईईडी) के तत्वावधान में सेंट्रल मेंटेनेंस (मैकेनिकल) विभाग द्वारा दिनांक 31 मार्च 2026 को मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) सम्मेलन कक्ष में सुझाव मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) आर. के. बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ महाप्रबंधक (सीएमएम) एस. के. मंगुआल, महाप्रबंधक (आईईडी) धीरज चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम) विपिन कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सुझाव मेले के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने इसे कर्मचारियों के लिए एक प्रभावी मंच बताया, जहां वे अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से परिचालन उत्कृष्टता एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से अपने सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात् वरीय प्रबंधक(आईईडी) प्रीति प्रिया द्वारा एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने सुझाव योजना के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि व्यावहारिक एवं नवाचारी सुझाव न केवल संयंत्र के समग्र विकास में सहायक होते हैं, बल्कि सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक लाभ एवं सम्मान भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे उनमें उत्साह एवं सहभागिता की भावना को बल मिलता है।

## महावीर स्वामी के संदेश को आत्मसात कर प्रेम और सद्भाव को दें बढ़ावा : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर शहर स्थित जैन भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा शामिल हुए। इस दौरान दोनों ने जैन साध्वी से आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन गुरु माँ ने विधायक एवं जोसिमा खाखा को प्रसाद देकर आशीर्वचन दिया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने सभी को भगवान महावीर जयंती की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि यह दिन आत्मचिंतन और संकल्प लेने का अवसर है। भगवान महावीर का संदेश अहिंसा, सत्य और करुणा पर आधारित है, जो मानव जीवन की असली पहचान है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं से सवाल करें कि क्या वे इन आदर्शों पर चल रहे हैं और यदि नहीं, तो आज से नई शुरूआत करें। विधायक ने कहा कि सिमडेगा की पहचान हमेशा से भाईचारा और एकता रही है। जहां हर धर्म और समाज के लोग मिलजुलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने के बजाय प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देना ही सच्ची मानवता है। महावीर स्वामी के हर जीव में आत्मा के संदेश को अपनाते हुए सभी को दया और सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि केवल बातों से नहीं बल्कि अपने कर्मों से समाज में बदलाव लाएं और सिमडेगा को विकास, शिक्षा और इंसानियत की नई पहचान दें। वहीं जैन साध्वी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें संयम, शांति और आत्मनियंत्रण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अहिंसा केवल शारीरिक नहीं बल्कि विचार और वाणी से भी किसी को कष्ट न पहुंचाने का नाम है। सत्य का मार्ग कठिन जरूर है लेकिन वही जीवन को सही दिशा देता है। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के संदेश को अपनाने की आवश्यकता है। आज सभी को अपने व्यवहार में मधुरता लाने, जरूरतमंदों की सहायता करने और हर जीव के प्रति करुणा रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल, लखन गुप्ता, पप्पू भाई सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं के बीच टू गांधीयन समूह का सदस्यता अभियान, गांधी विचार अपनाने का लिया संकल्प



**बोकारो :** स्थानीय 12 में टू गाँधीयन समूह द्वारा महिलाओं के बीच सदस्यता अभियान चलाया गया। समूह की उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए संध्या मिश्रा ने टू गाँधीयन समूह के उद्देश्यों एवं विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, समानता और सद्भाव के सिद्धांत आज भी समाज के पुनर्निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव, जात-पात और नफरत जैसी बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर कार्य करें और एक सभ्य, सुसंस्कृत एवं समृद्ध समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर महिलाओं के बीच सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने गांधीयन विचारों का समर्थन करते हुए टू गाँधीयन समूह के साथ मिलकर सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान कई महिलाओं ने समूह की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में उपस्थित महिलाओं में कंचन देवी, आरती देवी, अंजू, खुशबू, अनु सिंह, पल्लवी, नेहा कुमारी, रीता कुमारी, सरोज सिंह, सीता देवी, पिंकी तिवारी, बिन्दु कुमारी के नाम उल्लेखनीय है।

### बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई




**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आज दिनांक 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे 40 कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक अनीश सेनगुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण, संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के परिजन भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। समारोह के शुभारंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के दीर्घकालिक योगदान एवं समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन का विशेष शुभकामना संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी कर्मियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कर्मियों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभवों ने संयंत्र को उत्कृष्टता के वर्तमान स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई उपहार भेंट किए और उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की मंगलकामना की। बोकारो स्टील प्लांट के आरएम एवं एमएचपी विभाग में कार्यरत मुख्य महाप्रबंधक (आरएम एवं एमएचपी) धनंजय कुमार के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी लोगों ने बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### मौत का 'शॉर्टकट' बना भर्रा का छोटा पुलः आंधी में नदी में गिरी बाइक, सवार ने कूदकर बचाई जान

**बोकारो :** बोकारो होटल के समीप भर्रा को जोड़ने वाला छोटा पुल एक बार फिर किसी बड़ी अनहोनी का गवाह बनते-बनते बचा। मंगलवार को आई तेज आंधी के दौरान पुल पार कर रहा एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर नदी की ओर जाने लगा। ऐन वक्त पर अपनी जान बचाने के लिए सवार ने दूसरी ओर छलांग लगा दी, लेकिन उसकी बाइक सीधे नदी में जा गिरी। यह घटना महज एक संयोग नहीं, बल्कि उस प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है जो सालों से एक जर्जर और असुरक्षित पुल के सहारे हजारों जिंदगियों को दांव पर लगाए हुए है। दहशत के साये में आवाजाही बोकारो स्टील लिमिटेड के पुनर्वास क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला यह पुल सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की चौड़ाई कम है और इस पर कोई मजबूत रेलिंग नहीं है। आंधी-तूफान या बारिश के समय इस पुल को पार करना 'मौत से खेलने' जैसा है। इस पुल का इतिहास काफी रक्तरंजित रहा है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले इसी जगह एक भीषण दुर्घटना हुई थी, जिसमें एक पिता और पुत्र की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद भारी जन आक्रोश देखने को मिला था, लेकिन शासन-प्रशासन ने उस त्रासदी से भी कोई सबक नहीं लिया। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या का समाधान फाइलों में कैद है। सूत्रों के मुताबिक: नए पुल के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा चुकी है। पुनर्वास क्षेत्र होने के कारण जिम्मेदारी बीएसएल और स्थानीय प्रशासन के बीच झूल रही है। डीपीआर बनने के बावजूद धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होना, सिस्टम की सुस्ती को दर्शाता है।

### पूर्व महिला हॉकी खिलाड़ी असुंता लकड़ा की बड़ी बहन का निधन



**सिमडेगा :** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं जूनियर महिला हॉकी टीम की पूर्व कोच असुंता लकड़ा, भारतीय पुरुष हॉकी खिलाड़ी बीरेंद्र लकड़ा एवं बिमल लकड़ा की बड़ी बहन आशा लकड़ा के निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार के अवसर पर जिला अध्यक्ष सह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, असुंता लकड़ा, बिमल लकड़ा, बीरेंद्र लकड़ा शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उनके साथ महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सेराफिनुस कुल्लू, हॉकी संघ के अध्यक्ष मनोज कोंबेगी, प्रतिमा कुजूर, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, अंचल अधिकारी केरसई सहित जिला कांग्रेस कमिटी एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। अंतिम संस्कार की प्रार्थना विधि बिशप मॉरल बिलुंग द्वारा संपन्न कराई गई। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आशा लकड़ा का निधन न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने जीवन में सादगी और समाज के प्रति समर्पण का जो उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया बरसन हेम्ब्रम का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के डूमरचिर पंचायत के पूर्व मुखिया बरसन हेम्ब्रम का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह करीब आठ बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और लगातार इलाजरत थे। कुछ दिन पूर्व ही राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने पुराने सहयोगी बरसन हेम्ब्रम से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना था। बरसन हेम्ब्रम अपने कार्यकाल में एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। पंचायत के विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही और वे लोगों के बीच हमेशा सरल व मिलनसार स्वभाव के लिए पहचाने जाते थे।

### ट्रांसफार्मर खराब हाजीपुर-राजगांव के उपभोक्ता परेशान



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड क्षेत्र के हाजीपुर राजगांव में बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से उपभोक्ताओं को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में करीब 10 वर्ष पूर्व स्थापित 63 केवी का ट्रांसफार्मर वर्तमान में बढ़े हुए लोड को वहन करने में असमर्थ साबित हो रहा है, जिसके कारण बार-बार खराबी उत्पन्न हो रही है। बिजली उपभोक्ता दीपक वर्णवाल ने बताया कि मामले की सूचना बिजली विभाग, साहिबगंज को दे दी गई है। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों के अनुसार अधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार जल जा रहा है। कई बार बिजली मिस्त्री द्वारा मरम्मत भी कराई गई, लेकिन यह व्यवस्था अधिक दिनों तक कारगर साबित नहीं हो पा रही है। ट्रांसफार्मर खराब रहने से क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे पेयजल, पढ़ाई-लिखाई तथा दैनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही समस्या और गंभीर होती जा रही है।

### डायन बोलकर मारपीट करने वाले चार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत डायन बोलकर मारपीट मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज। मामले में थाना पुलिस ने चारों लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जहां पीड़िता शांति पहाडिन ने थाना पुलिस को बताया कि बीते 28 मार्च को थाना क्षेत्र के झिरीकडांगा के मोसेस पहाड़िया सहित प्रेम पहाड़िया, दिलीप मालतो व थोमस मालतो चारों मिलकर दिन के दोपहर में घर में घुसकर डायन बोलकर मारपीट किया। जबकि आसपास के गांवों वाले पंचायत के लिए आया परन्तु पंचायती करने से इंकार कर दिया। वहीं थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि शांति पहाडिन के बयान पर मामले को लेकर कांड संख्या 46/26 दर्ज करते हुए कांड के प्राथमिक अभियुक्त मोसेस पहाड़िया, प्रेम मालतो, दिलीप मालतो, थोमस मालतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# 83 सेविका-सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के समाज कल्याण विभाग को सुदृढ़ करने की दिशा में मंगलवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल में सेविका- सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी, स्थापना उप समाहर्ता त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरणपुर टुडु दिलीप, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि गोकुल अहमद, झामुमो की युवा नेत्री उपासना मरांडी एवं सीडीपीओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**सरकार और ग्रामीणों के बीच मजबूत कड़ी बनें : डीएसडब्ल्यूओ**

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सेविका-सहायिका सरकार और ग्रामीणों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि चयन के बाद प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिनियुक्त कर कार्य की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी को सलाह दी कि कार्य को बेहतर ढंग से सीखने के लिए पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ एवं जिला कार्यालय से निरंतर मार्गदर्शन लेते रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि लाभार्थी प्रविष्टि, पोषाहार वितरण, टीकाकरण एवं योजनाओं का क्रियान्वयन- सभी कार्य अब ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएंगे।

**बच्चों के भविष्य की आधारशिला हैं आंगनबाड़ी केंद्र : सांसद प्रतिनिधि**

सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र जिला प्रशासन के अथक प्रयासों का परिणाम है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं, जहां सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य काफी हद तक इन केंद्रों से ही आकार लेता है, इसलिए सभी नवनियुक्त सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आप सभी प्रशासन एवं सरकार के भरोसे पर खरा उतरते हुए समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : उपासना मरांडी**

झामुमो की युवा नेत्री उपासना मरांडी ने कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिका अपने-अपने गांव और पंचायत की मजबूत आधारशिला हैं, जिनकी सक्रिय भूमिका से ही समग्र विकास संभव है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें, महिलाओं को जागरूक बनाएं और एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधि के रूप में आपकी समस्याओं एवं मांगों को उचित मंच पर उठाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

**आंगनबाड़ी गांव की सामाजिक धड़कन है : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं, बल्कि पूरे गांव की सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव की समस्याओं, सामाजिक परिस्थितियों एवं गतिविधियों को समझने की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं।इसलिए उन्हें अपने दायित्वों को व्यापक दृष्टिकोण के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएं तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सदर अस्पताल में हड्डी के ऑपरेशन की हुई शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सदर अस्पताल साहिबगंज में अब हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा शुरू हो गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार के द्वारा यह सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। जहां 24 मार्च 2026 को शोभनपुर भट्टा निवासी आशा देवी, जिनके घुटने की हड्डी टूट गई थी, का सफल ऑपरेशन सदर अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में किया गया। यह ऑपरेशन हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सचिन कुमार द्वारा इसी माह अब तक तीन मरीजों की टूटी हड्डियों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से सदर अस्पताल साहिबगंज में हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा शुरू करने के लिए प्रयासरत थे।उन्होंने कहा कि कुछ बुनियादी संरचनात्मक सुविधाओं की कमी थी, जिसे उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक सदर अस्पताल के सहयोग से दूर कर दिया गया। इसके बाद अब साहिबगंज की जनता को अपने ही जिले में हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगी है। इसी क्रम में मंगलवार को कूदो पहाड़िया के दाहिने कलाई की टूटी हड्डी में प्लेट लगाकर सफल ऑपरेशन भी किया गया।

## मंडरो फॉसिल पार्क में शोध गतिविधियों को सुदृढ़ करने हेतु रिसर्च हॉस्टल स्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** वन प्रमंडल अंतर्गत मंडरो स्थित फॉसिल पार्क में संरक्षित जीवाश्मों के अध्ययन और वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिसर्च हॉस्टल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल फील्ड-आधारित अध्ययन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक आवश्यक कदम मानी जा रही है। मंडरो फॉसिल पार्क क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवाश्म अवशेष भू-विज्ञान एवं पुराजीवविज्ञान के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इनका व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए शोधार्थियों को स्थल पर ही पर्याप्त समय और सुविधा उपलब्ध होना आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह अवसंरचना विकसित की जा रही है। इसके साथ ही एक कॉन्फ्रेंस रूम का निर्माण भी प्रस्तावित है, जहां शोध निष्कर्षों की प्रस्तुति, अकादमिक चर्चा एवं छोटे स्तर के प्रशिक्षण/वर्कशॉप आयोजित किए जा सकेंगे। यह सुविधा शोध कार्य को केवल फील्ड तक सीमित न रखकर उसे संवाद और ज्ञान-साझाकरण से जोड़ने में सहायक होगी। हाल के समय में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं यहां शोध कार्य हेतु पहुंच रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यहां फील्ड रिसर्च किया, वहीं कोलकाता के सरोजिनी नायडू महिला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी जीवाश्म अध्ययन के लिए स्थल का भ्रमण किया। यह दोनों भ्रमण साहिबगंज के भूवैज्ञानिक डॉ रणजीत सिंह के नेतृत्व में हुए। इनके अलावा रांची से भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण संस्थान से भी एक टीम ने डॉ सौरव पाल के नेतृत्व में फॉसिल पार्क एवं बोरियो स्थित पहाड़ियों में जीवाश्म अध्ययन किया।

## हिंदू सम्मेलन सनातन संस्कृति की रक्षा संरक्षण, एकता का माध्यम है : अजय कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर चौक बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वज से सुसज्जित यह बाइक रैली शहर के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई स्थानीय सूर्य देव घाट स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचा। आरएसएस के विभाग प्रचारक अजय कुमार ने कहा कि सकल हिंदू समाज के द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन द्वारा समाज में जागृति लाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त माध्यम है।यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है,समाज को संगठित करता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कार और दिशा देता है। आइए, हम सब मिलकर एकजुट,जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतीक्षा हिंदू परिवार से अन्न का संग्रह किया जाएगा जिससे महाप्रसाद तैयार होगा। आम सनातन परिवार के सहयोग से ही इतना बड़ा विराट कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अयोध्या स्थिति हनुमानगढ़ी के प्रमुख राजू दास महाराज का आगमन होगा। इस कार्यक्रम हेतु निमंत्रण प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाना भी हम लोगों का दायित्व है। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सूर्य देव मंदिर सेवा समिति के संजय यादव, लोकनाथ चौधरी, आरएसएस के जिला संघचालक डॉ नितेश वर्मा, आरएसएस के नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार रिंकू सहित सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेल समस्या व ट्रेन ठहराव की मांग पर डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के तीनपहाड़ संघर्ष समिति की प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम मनीष गुप्ता से मिलने हेतु तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन से संबंधित जन समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक रजनीश कुमार के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में अंडर पास पुल का नवीकरण, तीनपहाड़ जंक्शन पर मालदा टाउन न्यू दिल्ली (14003, 14004), पटना मालदा (13415, 13416) एवं अमृत भारत एक्सप्रेस (13435, 13436) का ठहराव सहित अन्य मांग किया गया हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अनिल सरकार ने कहा कि यदि रेलवे के अधिकारियों द्वारा मांगो को मानते हुए जल्द इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता हैं तो समिति उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। मौके पर समिति के संरक्षक रणधीर सिंह, महामंत्री मुर्शीद राजा, उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम, संजय चौधरी, वकार अहमद, आफताब आलम, तारीख अख्तर मोहम्मद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, साहेबगंज संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-क्कक्क शिव करण, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुशवाहा, लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमारी स्नेहलता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि मोटर दुर्घटना के मामलों में थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारियों का यह कानूनी दायित्व है कि पीड़ित परिवार को समय पर उचित कारवाई करें जिससे पीड़ित को मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है तथा दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी को समय पर देना और आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुआवजा का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करना एवं उनके जीवनयापन में सहयोग देना है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-क्कक्क शिव करण ने मोटर दुर्घटना कानूनों में हुए हालिया बदलावों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना से संबंधित सभी कागजात 30 दिनों के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने पर न्यायालय को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ करें तथा यह संकल्प लें कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को न्यायोचित मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों एवं बीमा कंपनियों के समन्वय के बिना मुआवजा प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा करना संभव नहीं है, इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी अपनी भूमिका का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। कार्यक्रम में एलआरडीसी, परिवहन विभाग के पदाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस का 'प्रोजेक्ट डिवाइस' अभियान सफल, 21 गुम/चोरी हुए मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



**पाकुड़ :** जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'प्रोजेक्ट डिवाइस' के तहत गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में लगातार सफलता मिल रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 21 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों के खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को खोजकर उन्हें वापस दिलाना है। इससे पहले भी 7 जनवरी 2026 को 5 मोबाइल और 19 मार्च 2026 को 19 मोबाइल बरामद कर कुल 24 मोबाइल उनके धारकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। ताजा कार्रवाई में नगर थाना, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, मुफस्सिल, हिरणपुर, अमड़ापाड़ा और पाकुड़िया थाना क्षेत्रों से मोबाइल बरामद किए गए। सभी मोबाइल संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा सत्यापन के बाद उनके मालिकों को सौंपे गए। पुलिस ने बताया कि इस अभियान के तहत आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और जिले में गुम या चोरी हुए अन्य मोबाइलों की बरामदगी के लिए प्रयास किए जाते रहेंगे। इस सफल अभियान में विभिन्न थाना प्रभारियों सहित तकनीकी शाखा और CCTNS टीम के पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी की स्थिति में तुरंत संबंधित थाना में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि शीघ्र कार्रवाई कर मोबाइल बरामद किया जा सके।

### सीएस के अलावा तीन अन्य डॉक्टर को मिला नागरिक सम्मान



**साहेबगंज :** सदर अस्पताल के वेयर हाउस में मंगलवार को नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप ने सीएस डॉ. रामदेव पासवान व डीएस डॉ. दिवेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम शहर के आम नागरिकों द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजिक कार्यकर्ता मो. शाहिद ने किया। इसमें सीएस डॉ. रामदेव पासवान के अलावा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा, डॉ. मोहन मुर्मू व डॉ. मुकेश को स्वास्थ सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए आम नागरिकों द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया।सामाजिक कार्यकर्ता मो. शाहिद ने सीएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीएस के यहां योगदान के बाद लगातार जिले की स्वास्थ व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है। इसके साथ ही सीएस के मार्गदर्शन पर सदर अस्पताल के तीन ऐसे चिकित्सक है जिन्होंने अपनी सेवा को ही सबकुछ समझा है। इसमें डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. केशव कृष्णा व मोहन मुर्मू है। ऐसे डॉक्टरों से अन्य डॉक्टरों को भी सीख लेने की आवश्यकता है। समय से पहले ड्यूटी पर पहुंचना और अंतिम मरीज तक देखना इनकी पहचान है। वही वार्ड पार्षद मो. नजरुल बारी ने कहा कि सीएस अपने कार्य के लिए जाने जाते है। तो वहीं डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. केशव कृष्णा व मोहन मुर्मू सदर अस्पताल की पहचान है। वही सीएस ने इस तरह के कार्यक्रम से हमारे डॉक्टरों को और भी प्रेरणा मिलेगी। वही डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि जिस कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया है। आगे इससे भी बेहतर सुविधा देने का कार्य करेंगे। यह सिर्फ सम्मान नहीं है बल्कि इससे बेहतर करने का ऊर्जा और उत्साह मिला है। मौके पर लोजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप पासवान, मो. सोहेल, राजेश कुमार, पंकज कुमार, लड्डन, राहुल, मेहवाल आदि थे।

**सीएस को सौंपा मांगपत्र**

समाजिक कार्यकर्ता मो. शाहिद के नेतृत्व में सीएस को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा है। इसमें ओपीडी में कुछ डॉक्टर नदारद रहने व गायब रहने पर हंगामा होता है। ऐसे डॉक्टर पर करवाई करते हुए यहां से तबादला करने, प्रसूता वार्ड में 24 घंटे महिला डॉक्टर की मौजूदगी करने समेत अन्य मांगे की गई है। इधर सीएस ने इस मांगपत्र पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा ताड़गली स्थित केएन क्लब के निकट रविवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घटना के समय मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा था और इसी दौरान मारपीट और गोली चलने की घटना घटित होने पर पुलिस ने गंभीरता से लिया था और सूचना पाते ही नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और जांच के बाद कांड संख्या 54/2026, दिनांक 30.03.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, आर्म्स एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कुमार साहनी (पिता स्व. रामचंद्र साहनी), राहुल कुमार यादव (पिता अनिल प्रसाद यादव उर्फ चुन्नू यादव) दोनों निवासी बड़तल्ला स्ट्रीट दहिया टोला तथा विशाल कुमार (पिता मोहन चौधरी) निवासी बिजली घाट शामिल हैं।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि गोलीबारी व मारपीट मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा मामले की आगे जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज से राहत, 70% लोड होते ही लगेगा नया ट्रांसफॉर्मर

**पटना (एजेंसी)** राजधानी में गर्मी के दौरान बिजली ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज और एरियल बंच केबल में आग लगने की समस्याओं पर लगाम लगाने के लिए बिजली कंपनी ने अभियान शुरू किया है। पेसू क्षेत्र के सभी 9,216 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन ट्रांसफॉर्मर से जुड़े 7.50 लाख उपभोक्ताओं की डिजिटल टैगिंग हो रही है। अब तक 1,766 ट्रांसफॉर्मर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बिजली कंपनी मुख्यालय के अनुसार, इस व्यवस्था के बाद अधिकारियों के पास एक क्लिक पर पूरे इलाके की बिजली सप्लाई की जानकारी होगी। इसके तहत यदि कोई ट्रांसफॉर्मर अपनी कुल क्षमता के 70% से अधिक लोड पर चलता पाया जाता है, तो वहां तत्काल अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। साथ ही, यदि किसी एक फेज पर अधिक लोड होता है तो उसे दूसरे फेज पर शिफ्ट किया जाएगा। एनर्जी एकाउंटिंग से पकड़ा जाएगा बिजली लॉस बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए आरडीएसएस प्रोजेक्ट के तहत लगने वाले नए ट्रांसफॉर्मर में स्मार्ट मीटर अनिवार्य कर दिया गया है। इसे 'एनर्जी एकाउंटिंग' का नाम दिया गया है। इसके जरिए मुख्यालय यह देख सकेगा कि पावर सब-स्टेशन से कितनी बिजली भेजी गई और उपभोक्ताओं तक कितनी पहुंची। बीच में होने वाले बिजली लॉस या चोरी वाले इलाकों को इंजीनियर आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।

### सब्सिडी से खरीदी स्कॉर्पियो, बनाया घर... फर्जी उद्यमियों से अब ब्याज समेत वसूली

**पटना (एजेंसी)** रोजगार का खेल : 1.50 लाख लोगों को बांटे □4000 करोड़ रुपए, प्रारंभिक जांच में खुली पोल बिहार सरकार की स्वरोजगार योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। उद्योग विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि अनुदान की राशि का दुरुपयोग हुआ। राज्य में 1.50 लाख से अधिक युवाओं को करीब □4000 करोड़ दिए गए थे। इनमें 10 हजार से अधिक लाभार्थी ह्यफर्जीह्न पाए गए हैं। इन लोगों ने उद्योग लगाने के बजाय पैसे निजी काम में खर्च किए। कई ने घर बनवाया। कई ने स्कॉर्पियो, कार और बाइक खरीदी। कुछ मामलों में सोना खरीदने तक की बात सामने आई है। इन उद्यमियों से अब ब्याज समेत वसूली की जाएगी। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत □10 लाख तक की राशि दी जाती है। लेकिन कई लाभार्थियों ने इसे बिजनेस में नहीं लगाया। जांच में भागलपुर व बांका में कई मामले मिले। फोटोकॉपी मशीन और आटा चक्की के नाम पर पैसा लिया गया। करीब डेढ़ साल तक काम दिखाया गया। आखिरी किस्त मिलते ही यूनिट बंद कर दी गई। मशीनें बेच दी गईं। उस पैसे से घर बना लिया गया। सरकार का लक्ष्य हर प्रखंड में उद्योग खड़ा करना है। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी पर ऋण दिया जा रहा है। उद्देश्य पलायन रोकना है। किस योजना में कितनी धनवर्षा ? उद्योग विभाग ने अब तक तीन प्रमुख योजनाओं के जरिए राज्य में पूंजी निवेश किया है मुख्यमंत्री उद्यमी योजना : 45,000 लाभुकों को □3,200 करोड़ दिए गए। इसमें □5 लाख सब्सिडी और □5 लाख कम ब्याज पर ऋण का प्रावधान है। विश्वकर्मा योजनाः 60,000 से अधिक लोगों को □86 करोड़ दिए गए। औजार खरीदने के लिए □15 हजार और □3 लाख तक का सस्ता लोन मिलता है। बिहार लघु उद्यमी योजनाः 72,000 लोगों को □600 करोड़ बांटे गए। इसमें □2 लाख तक का अनुदान मिलता है।

### 525 यूनिट बिजली खपत पर 111 रुपए बचेंगे, शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**पटना (एजेंसी)** बिजली कंपनियां राज्य के उपभोक्ताओं को 1 अप्रैल से 125 यूनिट मुफ्त बिजली के साथ ही आयोग द्वारा तय टैरिफ पर अनुदान भी देंगी। इसके साथ ही टीओडी फॉमूर्ले पर बिजली बिल बनाया जाएगा। टीओडी टैरिफ से शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके तहत 10 घंटे तक सामान्य दर, 8 घंटे तक सामान्य से 20% कम दर और 6 घंटे सामान्य से 20% अधिक दर पर बिजली मिलती है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के जीएम (राजस्व) अरविंद कुमार ने कहा कि राज्य में 1.90 करोड़ घरेलू उपभोक्ता हैं। इनमें से 30% शहरी उपभोक्ताओं को बिल देना होता है। टीओडी टैरिफ लागू होने से उन्हें सामान्य दर के मुकाबले बचत होगी। उदाहरण के तौर पर, 525 यूनिट प्रति महीने की खपत पर 111 रुपये की बचत होगी। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सरकार ने 23,165 करोड़ रुपये अनुदान की अनुमति दी है, जो पिछले वर्ष 19,792 करोड़ रुपये था। बिजली खपत के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए टीओडी टैरिफ लागू किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि लोग शाम के समय (पीक ऑवर्स) बिजली की खपत कम करें, ताकि बिजली निर्बाध रूप से मिलती रहे। शाम को डिमांड अधिक होने पर बिजली संकट का सामना करना पड़ता है, जबकि दिन में मांग कम होने पर बिजली 'सरेंडर' करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से एनर्जी शुल्क भी कम लगेगा और ग्रिड पर दबाव भी घटेगा।

### भागवत कथा के दौरान भिड़े दो पक्ष, जमकर चली लाठियां; रोहतास में धार्मिक आयोजन बना रणक्षेत्र

**पटना (एजेंसी)** रोहतास के नारायणपुर गांव में भागवत कथा के दौरान आरती के समय विवाद बढ़ने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। कई लोग घायल हुए। घटना के सात दिन बाद वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच और आरोपियों की पहचान में जुटी है। रोहतास जिले में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित भागवत कथा के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना के सात दिन बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 मार्च को नारायणपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भैसहां पंचायत के उपमुखिया लोकनाथ यादव के नेतृत्व में भागवत कथा का आयोजन किया गया था। कथा समाप्ति के बाद आरती के दौरान पूजा करने को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। इस हिंसक झड़प में दिव्यांग उपमुखिया समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बिहार में फिल्मी स्टाइल से कैदी हुआ फरार, हथकड़ी खोलकर चलती गाड़ी से कूद गया; पुलिस वाले दंग

**पटना (एजेंसी)** जहानाबाद में पुलिस अभिरक्षा से एक शराब तस्कर चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। काको बाजार में ट्रैफिक जाम के दौरान घटना हुई। एक आरोपी पकड़ा गया, जबकि दूसरा फरार है। पुलिस जांच और छापेमारी जारी है। जहानाबाद जिले में पुलिस अभिरक्षा से एक शराब तस्कर के फरार होने की घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। यह मामला काको थाना क्षेत्र का है, जहां जेल ले जाते समय आरोपी ने पुलिस को चकमा दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर थाना पुलिस ने शनिवार को एक ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए चालक और उपचालक सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में काको स्थित मंडल कारा ले जाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस वाहन काको बाजार पहुंचा, वहां ट्रैफिक जाम के कारण गाड़ी की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान दो आरोपियों ने मौका देखकर हथकड़ी ढीली कर ली और चलती गाड़ी से कूदकर भागने लगे। : गवाही देने जा रहे पिता-पुत्र समेत तीन को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर; क्या विवाद से जुड़ा है मामला?कैदियों को भागते देख पुलिसकर्मियों ने तुरंत वाहन रोककर उनका पीछा किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया,

## नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा: राज्यसभा के लिए भरी उड़ान, क्या अब बिहार को मिलेगा नया मुख्यमंत्री

### नीतीश कुमार ने छोड़ी सदन की सदस्यता, 10 अप्रैल को ले सकते हैं राज्यसभा की शपथ



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद संवैधानिक आवश्यकता के तहत विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वे अभी भी कानूनी रूप से छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, लेकिन उनके सीएम पद से हटने और नए उत्तराधिकारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह के अनुसार, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार (30 मार्च, 2026) को राज्य विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जेडीयू के एमएलसी संजय गांधी ने नीतीश कुमार का त्यागपत्र विधान परिषद को सौंपा। कुमार के 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की संभावना है। लेकिन वे अभी भी मुख्यमंत्री पद पर बने हुए हैं; और अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनका उत्तराधिकारी कौन और कब होगा। प्रमुख सहयोगी भाजपा को अपना मुख्यमंत्री चुनने का मौका मिलने पर भी अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। लेकिन इतना तय माना जा रहा है कि बिहार में अब कोई खेला नहीं होगा। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से हटने के पहले के तमाम कदमों को फिलहाल उठाए जा रहे है जिनमें सबसे ताजा कदम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्य की विधान परिषद से इस्तीफा देना है, जो इस महीने की शुरूआत में राज्यसभा के लिए उनके चुनाव के बाद संवैधानिक आवश्यकता को पूरा करता है। लेकिन भारतीय संवैधानिक कानून नीतीश कुमार को कम से कम अभी के लिए मुख्यमंत्री बने रहने की अनुमति देता है। यह इस्तीफा संवैधानिक रूप से अनिवार्य था। नीतीश कुमार 16 मार्च को राज्यसभा के लिए चुने गए थे, अब सवाल यह उठता है कि क्या राज्य विधानसभा से इस्तीफा देने का मतलब यह है कि नीतीश कुमार अब मुख्यमंत्री नहीं रहे? संवैधानिक रूप से, इसका जवाब है नहीं; अभी नहीं। संविधान का अनुच्छेद 164(4) किसी व्यक्ति को राज्य विधानसभा का सदस्य न होते हुए भी छह महीने तक मुख्यमंत्री या मंत्री के रूप में कार्य करने की अनुमति देता है। इसका मतलब यह है कि सैद्धांतिक रूप से नीतीश कुमार पटना में मुख्यमंत्री पद पर बने रह सकते हैं और साथ ही 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की तैयारी भी कर सकते हैं। आप दो सदनों के सदस्य दो सप्ताह से अधिक समय तक नहीं रह सकते; लेकिन आप किसी भी सदन का सदस्य न होते हुए भी छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। उनसे पहले, मुख्यमंत्री राज्य से केंद्र में गए हैं, लेकिन कुछ अंतराल के बाद। नीतीश कुमार, जिनका स्वास्थ्य चिंता का विषय रहा है, के लिए इसका अर्थ है कि वे अब बिहार और केंद्र दोनों के उच्च और निम्न सदनों के सदस्य बन चुके हैं, जो एक दुर्लभ उपलब्धि है। 2005 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से, वे बिहार की राजनीति में एक केंद्रीय व्यक्ति बने रहे हैं, कई गठबंधन परिवर्तनों के बावजूद अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखी है। बताया जा रहा है कि राज्यसभा की शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद वे मुख्यमंत्री पद छोड़ सकते हैं, जिससे बिहार में नए नेतृत्व का रास्ता साफ होगा।

## कोलकाता और मऊ के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, जानिए बिहार में स्टॉपेज और टाइम टेबल

**पटना (एजेंसी)** कोलकाता और मऊ के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. इस ट्रेन को 8 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा. बिहार में जमुई, झाझा समेत कई स्टेशनों पर इस स्पेशल ट्रेन का स्टॉपेज होगा. भीड़भाड़ की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. गर्मी की छुट्टियों की शुरूआत कुछ ही महीने में होने वाली है. इससे पहले रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेनों के चलाने का निर्णय लिया जा रहा है. इस बीच कोलकाता और मऊ के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या को देखते हुए रेलवे की ओर से यह फैसला लिया गया है. क्या होगी स्पेशल ट्रेन की टाइमिंग? ट्रेन की टाइमिंग के बारे में बताया गया कि गाड़ी नंबर- 05096 कोलकाता-मऊ स्पेशल ट्रेन दोपहर 1:30 बजे मऊ स्टेशन से खुलेगी. इसके बाद अगले दिन सुबह में 8:50 बजे कोलकाता पहुंच जाएगी. वापसी में यही ट्रेन गाड़ी नंबर 05095 कोलकाता-मऊ स्पेशल कोलकाता से 1:20 बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह 7:45 बजे पहुंच जाएगी. बिहार के इन स्टेशनों पर होगा स्टॉपेज इस स्पेशल ट्रेन को 8 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा. इस दौरान यह ट्रेन लगभग 15 फेरे लगाएगी. इस ट्रेन का स्टॉपेज बिहार में झाझा, जमुई और किऊल के अलावा अन्य स्टेशनों पर होगा. इसके साथ ही ट्रेन में सुविधाओं के बारे में बताया गया कि स्लीपर कोच, सेकंड क्लास कोच और वातानुकूलित कोच की व्यवस्था रहेगी. आनंद विहार-पुरुलिया के बीच भी स्पेशल ट्रेन रेलवे अधिकारियों की माने तो, गर्मी में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है. ऐसे में स्पेशल ट्रेन के चलने से यात्रियों को काफी राहत मिल सकेगी. इससे पहले आनंद विहार और पुरुलिया के बीच 14022/14021 आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस 2 अप्रैल से चलाने का फैसला लिया गया था. इससे बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा और सफर पहले से आसान हो जाएगा.

## बिहार के 2 लोक सेवकों पर EOU का शिकंजा, 12 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी

**पटना (एजेंसी)** ईओयू ने बिहार के 2 लोक सेवकों पर शिकंजा कसा है. राज्य के 12 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. दोनों लोक सेवकों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है. ईओयू की अचानक छापेमारी से हड़कंप मचा है. बिहार के दो लोक सेवकों के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई छापेमारी कर रही है. राज्य में लगातार भ्रष्ट अफसरों पर शिकंजा कसा जा रहा है. ऐसे में मंगलवार को ईओयू ने कार्रवाई की और 12 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. इन दो लोक सेवकों के ठिकाने पर छापेमारीजानकारी के मुताबिक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (किशनगंज) गौतम कुमार के 6 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. गौतम कुमार पर 1 करोड़ 94 लाख 9 हजार 244 रुपए की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है. इनके पटना, पूर्णिया और किशनगंज जिले में अलग-अलग ठिकानों पर की जा रही है.इसके अलावा DRDA (सहरसा) वैभव कुमार के भी 6 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. वैभव कुमार पर 2 करोड़ 41 लाख 14 हजार की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में कार्रवाई की गई है. वैभव कुमार के मुजफ्फरपुर और सहरसा के ठिकानों पर छापेमारी चल रही है. भागलपुर में भी हुई थी छापेमारी इससे पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की नौ सदस्यीय टीम ने भी बड़ी कार्रवाई की थी. सोमवार को सदर एसडीएम कार्यालय में छापेमारी कर दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपितों में निम्न वर्गीय लिपिक मयंक कुमार और स्टेनोग्राफर प्रेम कुमार शामिल हैं. दोनों के पास से टीम ने घूस में ली गई 70 हजार रुपए नकद भी बरामद किया है. 24 मार्च को भी हुई थी छापेमारी 24 मार्च को विशेष निगरानी इकाई ने शिवहर के उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी बृजेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया और कई ठिकानों पर छापेमारी की थी

## बिहार में अगले 5 दिनों तक कैसा रहेगा मौसम? IMD ने जारी की एडवाइजरी



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है. कुछ जिलों में बारिश भी दर्ज की जा रही है. मौसम विभाग की माने तो, अगले 5 दिनों के बीच मौसम शुष्क बना रह सकता है लेकिन बारिश की भी चेतावनी दी गई है. पिछले 24 घंटे में राज्य का तापमान 26.8 से 37.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. बिहार के कुछ जिलों में हल्की बारिश दर्ज की जा रही है. जबकि कुछ जिलों में दिनभर बादलों की आवाजाही भी देखी जा रही. इस बीच मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए पूर्वानुमान जारी कर दिया है. बारिश का दौर अप्रैल में भी जारी रह सकता है. विभाग के मुताबिक, 1 अप्रैल को भोजपुर, भभुआ, बक्सर, अरलव, रोहतास और औरंगाबाद में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है. आगे 4 दिन मौसम विभाग का पूर्वानुमान मौसम विभाग के मुताबिक, 2 और 3 अप्रैल को राज्य में मौसम शुष्क बना रह सकता है. अगले दो दिनों के दौरान राज्य की कई जगहों में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है. इसके बाद अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को हल्की गर्मी महसूस होगी, लेकिन दूसरी ओर बिहार के कुछ भागों में हल्की बारिश होने की भी संभावना है. 4 अप्रैल को लगभग आधे बिहार में बारिश को लेकर पूर्वानुमान जारी किया गया है. इन जिलों में कटिहार, दरभंगा, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, वैशाली, अररिया, सुपौल, मुजफ्फरपुर, बक्सर, औरंगाबाद समेत अन्य जिले शामिल हैं. इसके बाद 5 अप्रैल को भी कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है. पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम? मौसम विभाग की माने तो, बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान किशनगंज में हल्की बारिश दर्ज की गई. इसके अलावा बाकी के जिलों में मौसम लगभग शुष्क बना रहा. राज्य में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस भभूआ (कैमूर) में दर्ज किया गया. जबकि राज्यभर का अधिकतम तापमान 26.8 से 37.5 डिग्री के बीच दर्ज किया गया. पटना में मौसम का हाल पटना में मौसम की बात करें तो, सुबह के वक्त कुछ-कुछ जगहों पर बादल दिख रहे. लेकिन दोपहर होते-होते कड़ी धूप होने से गर्मी का एहसास हो रहा. लेकिन रात-रात तक लोगों को राहत मिल जा रही है. मौसम विभाग की माने तो, जिले में बारिश को लेकर भी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है.

## पटना एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए कमेटी गठित, जानिए कब होगी पहली बैठक



**पटना (एजेंसी)** पटना एयरपोर्ट के रनवे का विस्तार किया जाना है. इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से एक कमेटी गठित की गई है. इसमें पटना के चिड़ियाघर के डायरेक्टर और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य वन संरक्षक भी शामिल हैं. पटना एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2072.64 से बढ़कर 3657.6 मीटर होने वाली है. इसे लेकर केंद्र सरकार ने एक कमेटी गठित की है. यह कमेटी ही रनवे विस्तार को लेकर सभी काम देखेगी. सिविल विमानन विभाग की ओर से इस कमेटी के सदस्य के रूप में दो नाम चिड़ियाघर के डायरेक्टर और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य वन संरक्षक के भेजे गए थे. कब होगी कमेटी की पहली बैठक? जानकारी के मुताबिक, इस कमेटी की पहली बैठक अप्रैल महीने में होगी. इस बैठक में रनवे के विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहण, चिड़ियाघर को नुकसान या फिर फायदे को लेकर आकलन किया जाएगा. इतना ही नहीं, इसके लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में 20 सदस्यीय कमेटी बनी है. इस कमेटी में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी भी शामिल हैं. जू के इतनी जमीन की पड़ेगी जरूरत पटना एयरपोर्ट के रनवे के विस्तार के लिए चिड़ियाघर के जमीन की बात की जाए तो, रनवे को पूरब दिशा की ओर विस्तार करना है. इस हिस्से में लगभग 500 मीटर रनवे को आगे ले जाना है. ऐसे में पटना जू के करीब 15 एकड़ जमीन की जरूरत होगी. अधिकारियों के मुताबिक, जू के गेट नंबर दो के पहले तक का हिस्सा रनवे विस्तार के दायरे में आ रहा है. एयरपोर्ट के बाउंड्री से लेकर पीरअली पथ और जू के करीब तीन सौ मीटर जमीन के विस्तारीकरण में जरूरत पड़ेगी. घंटाघर की लंबाई भी हो सकती है छोटी जू के अलावा सचिवालय के घंटाघर को भी छोटा करने का प्रस्ताव था. एयरपोर्ट प्रशासन ने घंटा घर की ऊंचाई अधिक होने के कारण विमानों के लैंडिंग में परेशानी बताया था. फिलहाल, घंटाघर की लंबाई 49.5 मीटर है. जानकारी के मुताबिक, विमानों को तीन की बजाय साढ़े तीन डिग्री पर लैंडिंग करना पड़ रहा है

## बिहार के फर्जी सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर खतरा, पड़ सकता है जेल जाना




**पटना (एजेंसी)** बिहार के फर्जी नियोजित शिक्षकों की नौकरी जा सकती है. इतना ही नहीं, उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है. निगरानी की ओर से लगातार जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा फर्जी शिक्षकों की बहाली नालंदा जिले में हुई. बिहार में फर्जी नियोजित शिक्षकों को लेकर विभाग एक्शन मोड में है. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की ओर से लगातार जांच की जा रही है. जांच में फर्जी पाए गए शिक्षकों के खिलाफ अब कार्रवाई की तैयारी है. इन शिक्षकों की नौकरी जा सकती है. इसके साथ ही उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है. इस जिले में सबसे ज्यादा फर्जी शिक्षक मिले जानकारी के मुताबिक, 2006 से 2015 के बीच बहाल हुए शिक्षकों के डॉक्यूमेंट्स की जांच की गई. इस जांच में यह पता चला कि सबसे ज्यादा फर्जी बहाली नालंदा जिले में हुई. इस जिले में लगभग 165 एफआईआर दर्ज किया गया है. इसके बाद दूसरे नंबर पर मधुबनी जिले में 145 केस दर्ज किए गए. जबकि सबसे कम फर्जी बहाली का मामला अररिया जिले में आया. इस जिले में 4 एफआईआर दर्ज किया गया.

शिक्षा विभाग को भेजी गई लिस्ट सभी फर्जी नियोजित शिक्षकों की लिस्ट शिक्षा विभाग को भेज दी गई है. निगरानी की जांच में यह सामने आई कि 2953 शिक्षकों को आरोपी बनाया गया है और उन्होंने लगभग 1400 करोड़ रुपए वेतन और मानदेय के रूप में लिए हैं. ये पैसे भी विभाग शिक्षकों से वसूल करेगा. इसके साथ ही आगे अन्य कार्रवाई भी की जाएगी. इन सभी मामले में की गई कार्रवाई जानकारी के मुताबिक, शिक्षकों ने गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिग्री ली, एक ही डिग्री पर कई जिलों में नौकरी की, दूसरे के रोल नंबर या फिर नाम पर फोटो चिपकाई थी या फिर यूजीसी से मान्यता नहीं रखने वाले प्राइवेट यूनिवर्सिटी की डिग्री डुप्लीकेट मार्कशीट और सर्टिफिकेट जमा किया. इन्हीं सब मामलों में फर्जी पाए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## पटना के कालिदास रंगालय का हुआ कायाकल्प,जुलाई से शुरू होगा हाई-टेक थिएटर




**पटना (एजेंसी)** करोड़ की लागत बन रहा है कालिदास रंगालय का कायाकल्प अब अंतिम चरण में है. जुलाई 2026 से यहां न केवल आधुनिक कुर्सियां होंगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का साउंड सिस्टम भी गूंजेगा. जानिए, नए रंगालय में और क्या होगा खास. पटना के रंगकर्मियों और कला प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. शहर का प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र कालिदास रंगालय जल्द ही आधुनिक सुविधाओं के साथ नए रूप में नजर आएगा. अब अंतिम चरण में लाइटिंग और साउंड सिस्टम का काम तेजी से चल रहा है. उम्मीद है कि जुलाई 2026 तक यह थिएटर पूरी तरह तैयार होकर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. कला प्रेमियों का इंतजार अब खत्म होने को है बिहार की सांस्कृतिक धड़कन कहे जाने वाले कालिदास रंगालय की सूरत अब पूरी तरह बदलने वाली है. शहर के रंगकर्मियों और कला प्रेमियों के लिए यह केंद्र जल्द ही एक नए और आधुनिक स्वरूप में दस्तक देने को तैयार है.भवन का सिविल कार्य लगभग पूरा हो चुका है, तकनीकी इंस्टॉलेशन के कारण दर्शकों को अभी दो-चार महीनों का और इंतजार करना होगा. बिहार आर्ट थिएटर के सचिव कुमार अभिषेक के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी हाल ही में यहां का दौरा कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए थे, ताकि जल्द ही यहां नाटकों का नियमित मंचन शुरू हो सके. भीषण गर्मी में भी कूल रहेगा ऑडिटोरियम कालिदास रंगालय के इस नए अवतार की सबसे बड़ी खासियत इसका पूर्णतः वातानुकूलित (AC) होना है. पुराने समय में भीषण गर्मी के दौरान कलाकारों को मंच पर भारी मेकअप के साथ पसीने से जूझना पड़ता था, जिससे उनकी प्रस्तुति प्रभावित होती थी. 300 सीटों वाले इस नए ऑडिटोरियम में प्रीमियम क्वालिटी की आधुनिक कुर्सियां लगाई जा रही हैं. इसके साथ ही वुडन फ्लोरिंग का काम भी अंतिम चरण में है, जो न केवल देखने में शानदार है बल्कि ध्वनि के संतुलन के लिए भी बेहतरीन मानी जाती है. विदेशी लाइट और डिजिटल साउंड कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने इस थिएटर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने का जिम्मा उठाया है. इसके लिए लाइटिंग और साउंड से जुड़े विशेष अत्याधुनिक उपकरण बाहर से मंगवाए गए हैं. डिजिटल साउंड सिस्टम और कर्टन रेजर जैसे फीचर्स इसे बिहार के सबसे आधुनिक थिएटरों की श्रेणी में खड़ा कर देंगे. ग्रीन रूम को भी पूरी तरह से रीडिजाइन किया गया है, जहां कलाकारों के लिए हर तरह की आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी. कर्टन रेजर की नई व्यवस्था थिएटर के अनुभव को बेहद पेशेवर और भव्य बना देगी, जिससे स्थानीय नाटकों को एक नई ऊंचाई मिलेगी. 7.10 करोड़ की लागत से हो रहा कायाकल्प इस प्रोजेक्ट के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने वर्ष 2023 में 7.10 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी थी. भवन निर्माण विभाग इसके जीर्णोद्धार का काम कर रहा है. काम पूरा होने के



# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।

मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

## मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

## हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

## आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

## अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

## वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**



# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

## विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

## ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नहीं समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

# आईपीएल में आज होगा लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**लखनऊ (एजेंसी)।** यहां के इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। सुपरजायंटस के लिए सकारात्मक बात ये रहेगी कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। सुपरजायंटस की कप्तानी जहां ऋषभ पंत के पास है, वहीं दिल्ली की कमान अक्षर पटेल संभालेंगे। ऋषभ इस लीग में बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी फिटनेस और फार्म हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं अक्षर का प्रयास भी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। इन दोनो ही टीमों का प्रदर्षन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। पिछली बार दोनों ही टीमें प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाय थीं। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो टीमों के बीच हुए सात मैचों में से दिल्ली ने चार जीते हैं जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं हाल के वर्षों में लखनऊ ने दिल्ली को तीन मैच हराकर दिखाया है कि वह भी बराबरी की दावेदार है। उसने 200 रन से अधिक रन बनाकर दिल्ली को कड़ी टक्कर दी है। ऐमें में अगर कैपिटल्स को इस बार जीत दर्ज करनी है तो उसे अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना होगा। बेन डकेट के नाम वापस लेने ने उसे झटक लगा है। अब उसकी बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में केएल राहुल और पथुम निसांका के अलावा पृथ्वी शॉ पर आधारित रहेगी। वहीं मध्यक्रम में टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के फिट नहीं होने से टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और आकिब नबी पर रहेगी। कप्तान अक्षर पर बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में में भी टीम की ओर से अधिक से अधिक योगदान देने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम 2008 से ही लीग का हिस्सा है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। इस दौरान उसने कई कप्तान भी बदले हैं। दिल्ली के लिए इस मुकाबले में राहुल एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। 145 आईपीएल मैचों में 46.21 के शानदार औसत से 5222 रन बनाने वाले राहुल इस टूर्नामेंट के सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।लखनऊ जैसी कठिन पिच पर राहुल की पारी को संभालने की क्षमता और भी ज्यादा कीमती साबित होगी। अगर वह टीम को एक मजबूत शुरुआत दे पाते हैं और अंत तक बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे मध्य क्रम पर दबाव कम होगा और टीम एक अच्छा स्कोर खड़ा कर पाएगी।. राहुल के जोड़ीदार के तौर पर पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है। अभिषेक पोरेल ने भी आईपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। पोरेल ने 13 मुकाबलों में 146 के स्ट्राइक रेट से 301 रन बनाए थे। करुण नायर,ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर से भी इस सीजन टीम को दमदार




प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मिलर के आने से टीम का मध्यक्रम और ज्यादा संतुलित दिख रहा है। समीर रिजवी और आशुतोष शर्मा फिनिशर की भूमिका निभाते नजर आएंगे. वहीं, अक्षर पटले और विपराज निगम बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देंगे।

वहीं दूसरी ओर लखनऊ की टीम कप्तान 2. ऋषभ पंत के अलावा बल्लेबाज निकोलस पूरन पर आधारित रहेगी। ऋषभ को लखनऊ सुपर जायंट्स ने पिछली बार 27 करोड़ में खरीदा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी की थी पर वह अधिकतर समय रन नहीं बना पाये पर अंत में 118 रनों की शानदार पारी खेलते हुए 14 पारियों में कुल 269 रन बनाए थे। इस बार उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन ने पिछले सत्र में एक आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर 14 मैचों में 524 रन बनाये थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 196.25 का रहा था। इस बार भी टीम उनसे बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम से इस सत्र में टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं पूरन अपने बल पर किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं। हालांकि, कप्तान ऋषभ की फॉर्म लखनऊ टीम के लिहाज से काफी अहम

### टीम इस प्रकार है

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडिगी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

खान, एनरिक नॉर्टजे, मयंक यादव और मोहसिन खान के रूप में लखनऊ के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं। वहीं, स्पिन की जिम्मेदारी दिग्वेश राठी संभालेंगे, जिनका प्रदर्शन पिछले सीजन अच्छा रहा था।

# ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा



### -आठवें नंबर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं।

जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए। इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 119.44 रन था। उनके अलावा दो और बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंचे थे। वहीं अन्य बल्लेबाज बुरी तरह असफल रहे।

# पावरप्ले की कमजोरी नहीं ठीक कर पायी सीएसके

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम एक बार फिर पावरप्ले में कमजोर साबित हुई है। इसी कारण आईपीएल 2026 के अपने पहले ही मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके की आधी टीम शुरुआती छह ओवरों में ही मात्र 41 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। पिछले साल भी उसने पावरप्ले में ही अपने विकेट गंवा दिये थे। कागज पर जहां टीम की बल्लेबाजी कमजोर नजर आती है, वहीं मैदान पर आते ही उसकी कमजोरी की पोल खुल गयी। टूर्नामेंट की शुरुआत पहले दो मैचों में पावरप्ले में बड़े स्कोर के साथ हुई थी। इससे यह साफ हो गया कि अब लीग में पावरप्ले बल्लेबाजी का स्तर काफी कुछ तय करता है। ऐसे में शुरुआत में ही करीब पांच विकेट गिरना दिखाता है कि मैच टीम के हाथों से निकल गया है।

इससे पहले आईपीएल 2025 में भी सीएसके का प्रदर्शन पावरप्ले में अच्छा नहीं रहा था। टीम पावरप्ले में 14 पारियों में 8.70 के रन रेट से 731 रन ही बना पायी थी। उसका औसत पावरप्ले स्कोर 52.21 रहा। सीएसके ने पिछले सत्र में पावरप्ले में 29 विकेट खोये यानी हर पारी में औसतन 2.07 विकेट, जबकि डॉट बॉल प्रतिशत 42.66 फीसदी रहा। पावरप्ले के पहले हाफ में ही काफी कुछ तय होता है। 1 से 3 ओवर में सीएसके ने सिर्फ 7.76 की रन रेट से रन बनाए और 49.60 फीसदी गेंद डॉट खेली। सीएसके के लिए चिंता की बात सिर्फ कम स्कोर नहीं है। असली चिंता यह है कि इस विकेट गिरने का तरीका पिछले साल जैसा ही है। आईपीएल 2025 में सीएसके की पावरप्ले बल्लेबाजी इसलिए खराब थी क्योंकि वह कम स्कोरिंग और ज्यादा नुकसान वाली थी।

# जडेजा ने बताया, गन शॉट सेलिब्रेशन का कारण

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आईपीएल 2026 की शुरुआत जीत से की है। उसने पहले ही मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को हराया है। इस मैच में रॉयल्स की ओर से खेल रहे रविन्द्र जडेजा ने सीएसके के शिवम दुबे को आउट करने के बाद गन शॉट सेलिब्रेशन किय। ये पहली बार है जब जडेजा ने इस प्रकार से जश्न मानाया। वह अबतक तलवारबाजी वाला जश्न मानते आये हैं पर गन शॉट वाला नहीं। वहीं जडेजा ने इसका कारण भी बताया है। उन्होंने कहा कि मैं जानता था कि शिवम कैसे सोचते हैं। इसलिए मुझे पता था कि वह बड़ा शॉट खेलने का प्रयास करेगा और उसकी इसी योजना को विफल करने में मैं सफल रहा। इसी कारण मैंने जश्न मनाया।

इससे पहले तक सीएसके में रहे जडेजा पहली बार रॉयल्स से खेल रहे हैं। जडेजा ने अपनी पुरानी टीम के सामने




खतरनाक गेंदबाजी की। 3 ओवर में 18 रन दिए और 2 विकेट लिए। इसमें सरफराज खान और शिवम दुबे का विकेट शामिल था। दोनों को एक ही ओवर में जडेजा ने अपना शिकार बनाया। शिवम को आउट करने के बाद जश्न के कारण वह निगाहों में आये। जडेज ने कहा, मैं उन्हें काफी लंबे समय से जानता हूं। मैं नेट्स में नियमित रूप से उन्हें गेंदबाजी करता रहा हूं। मैं जानता हूं कि वे कैसे सोचते हैं और क्या करना चाहते हैं। मैं इसके लिए तैयार था और मैंने ऑफ-स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की कोशिश की, क्योंकि मुझे पता था कि वे मेरे खिलाफ बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। इस विकेट के साथ सीएसके संभल नहीं पाई और 127 रन पर पूरी टीम सिमट गई। उधर, आरआर ने 13वें ओवर में ही मैच फिनिश कर दिया।

जडेजा ने कहा, मुझे लगा कि विकेट थोड़ा फिसलन भरा था और गेंद घूम रही थी, इसलिए मुझे गेंदबाज़ी करने में बहुत आनंद आया। मेरा काम बस सही जगहों पर गेंद डालना था और बाकी काम पिच पर छोड़ देना था। खेल में आप किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले सकते; लक्ष्य चाहे जो भी हो, आपको कड़ी मेहनत करने के साथ ही पूरे जुनून से प्रयास करना होता है।

# कोच ने बताया सूर्यकुमार के इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरने का कारण

मुम्बई । मुंबई इंडियंस टीम में शामिल बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईपीएल सत्र के पहले ही मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे। सूर्या ने इस मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की पर पर वह फिल्डिंग के लिए मैदान में नहीं उतरे। इसके बाद से ही कई सवाल उठे हैं जिनको लेकर अब टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने सफाई दी है। जयवर्धने ने कहा कि टीम में सब कुछ ठीक है और किसी प्रकार की अटकलें लगायी नहीं जानी चाहिये। सूर्यकुमार को हल्की ग्रोइन समस्या थी, इसलिए उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा गया। जिससे वह चोट से बचे रहें। जयवर्धने के अनुसार वह फील्डिंग करने के लिए तैयार थे पर टीम प्रबंधन किसी प्रकार से उनकी फिटनेस को लेकर खतरा मौल नहीं लेना चाहता था।



कोच ने साफ कहा कि बड़े खिलाड़ियों को पूरे सत्र के लिए फिट रखना जरूरी है, इसलिए ये सोचा-समझा फैसला था। सूर्या ने केकेआर के खिलाफ ने 8 गेंदों में 16 रन की तेज पारी खेली। उन्होंने शुरुआत में ही बाउंड्री लगाकर लय दिखाई, लेकिन 15वें ओवर में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस का अगला मैच 4 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। और माना जा रहा है कि इस मैच में सूर्यकुमार इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं बल्कि अंतिम ग्यारह में शामिल रहेंगे।

# शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज

गुवाहाटी । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है। टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी।' उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी। एक के बाद एक विकेट गिरने से टीम को संभलने का अवसर ही नहीं मिला। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और उसने शुरुआत में ही रुतुराज और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिये। वहीं युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शून्य पर ही आउट हो गये। मध्य क्रम भी असफल रहा। इम्पैक्स प्लेयर के तौर पर उतरे सरफराज खान भी 17 रन ही बना पाये। युवा खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए। केवल जेमी ओवरटन ही टिककर खेल पाये। ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन बनाये पर किसी भी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। शिवम दुबे 6 रन, नूर अहमद 1 रन और मैट हेनरी 5 रन बनाकर आउट हो गए, पूरी टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई।



# कार्तिक अन्य तेज गेंदबाजों के एक्शन की नकल न करें : स्टेन

**मुम्बई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी अपना गेंदबाजी एक्शन बार-बार बदल रहे हैं जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। स्टेन के अनसार जिस प्रकार से कार्तिक अन्य गेंदबाजों की नकल करने का प्रयास कर रहे हैं उससे उन्हें बचना होगा। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि किसी की नकल से कुछ लाभ जरुर मिल सकता है पर हर गेंदबाज के पास आना स्वयं का एक्शन होता है जिसे बनाये रखना चाहिये। आईईपीएल के पहले ही मैच में कार्तिक ने केकेआर के खिलाफ अपने पहले ही मैच में सूर्यकुमार यादव का विकेट लिया था पर उन्होंने 43 रन भी अपनी गेंदबाजी में दिये। स्टेन ने यह भी कहा कि इस युवा में काफी प्रतिभा है और उसे इसका सही




से इस्तेमाल करना चाहिये। इसके साथ ही धैर्य रखते हुए विकेट के लिए हड़बड़ी नहीं करनी चाहिये। स्टेन के अनुसार, विकेट लेने की एक प्रक्रिया होती है और खिलाड़ी को उसी पर ध्यान देना चाहिए, न कि हर गेंद पर विकेट लेने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही कहा कि इस गेंदबाज को अपने पर भरोसा रखते हुए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।अब तक के आईपीएल कैरियर को देखें तो कार्तिक ने आईपीएल 2020 में राजस्थान के लिए खेलते हुए 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे और तभी सभी का ध्यान उनपर गया था। साल 2021 में उन्होंने पंजाब के खिलाफ आखिरी ओवर में 4 रन बचाकर मैच जिताया था। पर इसके बाद चोट और टीम बदलाव की वजह से उनका करियर आगे नहीं बढ़ा। हैदराबाद, गुजरात के बाद अब वह केकेआर से खेल रहे हैं। टीम अगला मैच 2 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ है जिसमें भी उन्हें अवसर मिलना तय है। ऐसे में इस युवा के पास उस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन का टीम को जीत दिलाने का अवसर रहेगा।

# दिल्ली को जीत दिलाने अक्षर पटेल को निरंतरता लानी होगी : इरफान पठान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर ऑलराउंडर और कप्तान अक्षर पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और अगर उन्हें अपनी टीम को जीत दिलानी है तो इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पठान के अनुसार पिछले सत्र में अक्षर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पठान ने बताया है कि हाल के दिनों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता टीम के खिलाड़ियों का कमजोर प्रदर्शन रहा है। पठान ने किहा कि अक्षर पिछले सत्र के 12 मैचों में केवल 5 विकेट ले पाये और अन्होंने 263 रन बनाए। पठान ने कहा, पिछले साल अक्षर की गेंदबाजी में धार नहीं दिखी थी। उनका आत्मविश्वास हालांकि कप्तान बनने के बाद बढ़ा होगा पर अगर वह अपनी तरफ से नियमित रूप से विकेट लेते हैं, तो उनकी टीम हावी हो जाएगी क्योंकि उनकी टीम के पास कुलदीप यादव जैसा विकेट लेने वाला गेंदबाज है। इसके अलावा विपराज निगम जैसे उभारत हुआ खिलाड़ी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, आपको अक्षर और कुलदीप जैसी स्पिन-गेंदबाजी की जोड़ी कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। आपको इसमें विपराज का नाम भी जोड़ना होगा। विपराज के साथ उनके पास दो ऐसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो विश्व कप जीते हैं। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों वाला ऐसा अनुभव आपको हर जगह नहीं मिलता। दिल्ली के लिए ये सकारात्मक बात है। कैपिटल्स ने पिछले सत्र की शुरुआत काफी अच्छी करते हुए लगातार चार मैच जीते थे। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स , सनराइजर्स हैदराबाद , चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी को हराया था पर उसके बाद मुंबई इंडियंस से हार गए और इससे टीम ने अपनी लय गंवा दी थी। यह टीम अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ तीन ही जीत पाई और अंक तालिका में 5 स्थान पर रही। अब इस सत्र में टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसे अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। दिल्ली का लक्ष्य इस मैच को जीतकर अच्छी शुरुआत करना रहेगा।

# फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास



टोक्यो । जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी और इसी कारण वह पिछड़ गये। वहीं क्वालिफाइंग के बाद वर्स्टापेन ने कहा था कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर कई चीजों पर विचार करना है। जब उनसे इस बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि वह फॉर्मूला वन में अपने आगे के रास्ते को लेकर विचार कर रहे हैं। बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री रद्द कर दिए जाने से भी खिलाड़ियों को लंबा ब्रेक मिला है। वर्स्टापेन का कहना है कि वह इसी दौरान आने वाले समय में अपने भविष्य पर फैसला ले सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जिंदगी केवल फॉर्मूला वन तक सीमित नहीं है और आगे कई रास्ते हैं। उनके इस बयान से साफ है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो वह संन्यास भी ले सकते हैं। वर्स्टापेन का मानना है कि फॉर्मूला वन में बने रहने के लिए खेल का मजेदार बने रहना जरूरी है।

# सीएसके के खिलाफ आक्रामक पारी के बाद बोले वैभव सूर्यवंशी, मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं

**गुवाहाटी (असम) (एजेंसी)।** अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 15 गेंदों में अर्धशतक से की, जो इसलिए भी खास था क्योंकि उसी पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी। सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की योजना पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने की थी, इसलिए उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया। हालांकि उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि वह डिफेंस के बारे में भी सोचते हैं।

राजस्थान की 8 विकेट की जीत के बाद सूर्यवंशी ने कहा, 'हमारी योजना थी कि हम पावरप्ले को अच्छी तरह एग्जक्यूट करें। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा लग रहा था, लेकिन बाद में गेंद पुरानी होने पर बल्ले पर अच्छे से आने लगी। मैं डिफ़ेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन आज हमारा प्लान पावरप्ले में खेलने का था। छोटे टारगेट में मैच पावरप्ले में ही तय हो जाता है। अगर बॉलिंग टीम पावरप्ले में अच्छा करती, तो मैच उनके पक्ष में जा सकता था। लेकिन हम सभी ने पूरी तरह अटैक किया और हमारा पावरप्ले अच्छा गया।'

सूर्यवंशी को पहली ही गेंद पर CSK के डेब्यू खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने कैच छोड़ दिया था, जो डीप मिडविकेट पर एक मुश्किल मौका था। उन्होंने पावरप्ले खत्म होने तक 16 गेंदों में 52 रन बना लिए जिसमें 5 छक्के और चार चौके शामिल थे। ऋऋका स्कोर 6 ओवर में 70 रन था। उन्होंने कहा कि RR मैनेजमेंट ने उन्हें अपना नेचुरल गेम खेलने की आजादी दी और सीजन से पहले उनकी तैयारी भी अच्छी रही।

इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'उन्होंने बस कहा कि हम तुम्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तुम अपना नेचुरल गेम खेलो। उन्होंने मेरे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। प्रैक्टिस भी अच्छी रही। हम यहां थोड़ा पहले आ गए थे, इसलिए तैयारी अच्छी हुई। उन्होंने कहा कि बस अपना गेम खेलो, सिचुएशन पढ़ो और खेलो। बाकी अपने गेम पर भरोसा रखो।' गौर हो कि सूर्यवंशी ने 2025 में 14 साल की उम्र में IPL डेब्यू किया था। उन्होंने ऋऋके लिए 7 मैच खेले, IPL इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक (35 गेंद) लगाया और सीजन में 252 रन 206.55 के स्ट्राइक रेट से बनाए।



Credit : X @VinitYaduvnsh

# एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

लुसाने । भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप प्रो लीग से बाहर की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजेता टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में खेलने का अवसर मिलता है।भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद से ही प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है जिससे उसे नेशंस कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं पुरूषों वर्ग टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की तैयारी जारी है।



एक नजर

## सोनिया गांधी को मिली गंगा राम अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें 24 मार्च को बुखार होने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टरों के अनुसार वे एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स दी गई। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार सोनिया गांधी को 24 मार्च की रात 10:22 बजे बुखार के चलते सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. डीएस राणा, डॉ. एस. नंदी और डॉ. अरूप बसु की देखरेख में उन्हें एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स से इलाज दिया गया और उन्होंने इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी। अब वे ठीक हो चुकी हैं और आज सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, ताकि घर पर उनका आगे का इलाज और फॉलो-अप हो सके।

## असम में अब विकास और आधारभूत संरचना की होती है बात : राजनाथ सिंह

**गोलाघाट** : असम विधान सभा चुनाव 2026 के मद्देनजर मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनवी सभाओं में हिस्सा लेते हुए भाजपा सरकार के पूर्वोत्तर के विकास के लिए उठाए गये कदमों को गिनाया। उन्होंने कहा कि अब असम में विकास और आधारभूत संरचना की बात होती है। रक्षा मंत्री सिंह आज शोणितपुर जिले के तेजपुर और गोलाघाट जिला के देरगांव विधान सभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देरदाव में चुनावी सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि कांग्रेस के कुशासन में असम की पहचान अशांति और इन्सर्जेंसी के साथ जुड़ी थी। कांग्रेस ने असम समेत पूर्वोत्तर की अनदेखी की लेकिन अब असम में आधारभूत संरचना की बात होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर अपराध, अलगाववाद, नक्सलवाद और उग्रवाद से निकलकर प्रगति, विकास और समृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में दशकों तक भ्रष्टाचार चरम पर था, लेकिन आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के तहत असम के लोगों को सुरक्षा, सम्मान और गरिमा वापस मिली है। कांग्रेस असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर वोट बैंक मजबूत करना चाहती है।

## राहुल गांधी ने पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत को लेकर उत्तराखंड सरकार को घेरा

**नई दिल्ली** : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देहरादून में सोमवार सुबह टहलने निकले सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वीके जोशी की गोली लगने से मौत को लेकर उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दिनदहाड़े हुई यह हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही आज अपने शहर में असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिक और कई समुदाय डर के साये में जीने को मजबूर हैं। भाजपा शासन में अपराधी बेख़ौफ और सुरक्षित हैं। कभी शांति और सुरक्षा की पहचान रहा उत्तराखंड आज हिंसा, हत्या और भय से घिरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजपुर थाना क्षेत्र के जोहड़ी गांव में सोमवार सुबह करीब 6:50 बजे यह घटना हुई। मसूरी रोड पर मालसी के पास दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर और स्कॉर्पियो में सवार लोगों के बीच गाड़ी को पास न देने पर विवाद हुआ।

# जैन धर्म का अहिंसा का संदेश पूरी मानवता के लिए जरूरी : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**गांधीनगर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया आज अस्थिरता और अशांति के दौर से गुजर रही है और ऐसे समय में जैन धर्म का अहिंसा का संदेश पूरी मानवता के लिए बेहद प्रासंगिक है। महावीर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर स्थित कोबा तीर्थ में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज दुनिया में जिस तरह के हालात हैं। विश्व अस्थिरता और अशांति की आग में झुलस रहा है। इस संग्राहलय की विरासत, इसका संदेश भारत ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए अहम है। हमारा प्रयास होना चाहिए दुनिया के देशों से यहां आने वाले जिज्ञासु, विद्यार्थी और शोधकर्ता और अन्य लोग भारत के जैन धर्म की शिक्षाओं को विश्व के कौने-कौने में पहुंचाएं। उन्होंने भगवान महावीर को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक हालात चिंता का विषय है, जहां कई क्षेत्रों में संघर्ष और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे समय में जैन दर्शन के अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह के सिद्धांत दुनिया को नई दिशा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्राट संप्रति ने शासन को सेवा का माध्यम बनाकर अहिंसा के विस्तार का कार्य किया और उनका जीवन आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय न केवल भारत की प्राचीन धरोहर को संरक्षित करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को इससे जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। मोदी ने कहा कि भारत में ज्ञान की परंपरा हमेशा समृद्ध रही है लेकिन विदेशी आक्रमणकारियों ने मजहबी संक्रीणता में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की अमूल्य पांडुलिपियां नष्ट कर दीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी इन धरोहरों के संरक्षण पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने पांडुलिपियों की उपेक्षा की, लेकिन अब उन्हें खोजने, सहेजने और संरक्षित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में ज्ञान भारतम मिशन जैसे कदम उठाए गए हैं, जिसमें आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है और उन्हें वैज्ञानिक तरीकों से संरक्षित किया जा रहा है। इन प्रयासों में उच्च-गुणवत्ता वाली स्कैनिंग, रासायनिक उपचार और व्यापक डिजिटल संग्रहों का निर्माण शामिल है। इन सभी का उद्देश्य हमारी समृद्ध विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है।

## भाजपा की उज्ज्वला योजना अब लकड़ी भाग्य में बदली : डीके शिवकुमार



एजेंसी

**बेंगलुरु** : कर्नाटक राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रसोई गैस की कमी और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की उज्ज्वला योजना अब लकड़ी भाग्य में बदल गई है।मंगलवार को यहां कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया कि युद्धों का बहाना बनाकर केंद्र सरकार देश में बढ़ती महंगाई की समस्या को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से आम जनता के साथ-साथ होटल उद्योग भी गंभीर परेशानी का सामना कर रहा है। केंद्र की यह उज्ज्वला योजना नही बल्कि जनता को लकड़ी भाग्य देने जैसा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में राज्य सरकार की गारंटी योजनाएं जनता के लिए सहारा बनी हैं। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि टोल दरों में वृद्धि और करीब 900 आवश्यक दवाओं की कीमत बढ़ाकर केंद्र सरकार ने आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अच्छे दिन के वादे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे दिन कहां हैं? अब तो कच्चे दिन आ गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 1 अप्रैल से विभिन्न वस्तुओं के दाम बढ़ाकर केंद्र सरकार ने जनता को अप्रैल फूल बना दिया है।

# असम में अब विकास और आधारभूत संरचना की होती है बात : राजनाथ सिंह

एजेंसी



**असम** : असम विधान सभा चुनाव 2026 के मद्देनजर मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनवी सभाओं में हिस्सा लेते हुए भाजपा सरकार के पूर्वोत्तर के विकास के लिए उठाए गये कदमों को गिनाया। उन्होंने कहा कि अब असम में विकास और आधारभूत संरचना की बात होती है। रक्षा मंत्री सिंह आज शोणितपुर जिले के तेजपुर और गोलाघाट जिला के देरगांव विधान सभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देरदाव में चुनावी सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि कांग्रेस के कुशासन में असम की पहचान अशांति और इन्सर्जेंसी के साथ जुड़ी थी। कांग्रेस ने असम समेत पूर्वोत्तर की अनदेखी की लेकिन अब असम में आधारभूत संरचना की बात होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर अपराध, अलगाववाद, नक्सलवाद और उग्रवाद से निकलकर प्रगति, विकास और समृद्धि की राह पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में दशकों तक भ्रष्टाचार चरम पर था, लेकिन आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के तहत असम के लोगों को सुरक्षा, सम्मान और गरिमा वापस मिली है। कांग्रेस असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर वोट बैंक मजबूत करना चाहती है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के द्वारा राज्य में चलाए गये विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगली सरकार में इसे और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# लीबिया से ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटकी, 22 की मौत



एजेंसी

**ढाका** : लीबिया से ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटक गई। इस दौरान 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 युवा बांग्लादेश के नागरिक हैं। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास मिया ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस घटना के लिए जिम्मेदार मानव तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करेगा। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सुनामगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजन सरकार ने बताया कि अब तक उन्होंने 12 नागरिकों की मौत की पुष्टि कर ली है। इनमें से छह लोग डेराई उपजिला के, पांच लोग जगन्नाथपुर उपजिला के और एक व्यक्ति दोराबाजार उपजिला का रहने वाला है। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास ने कहा कि इनके शव समुद्र से मिल गए हैं। 28 मार्च को बचाए गए 26 लोगों को ग्रीस के एक शिविर में रखा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस, परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद अब तक 12 मृतकों की पहचान की पुष्टि हो चुकी है। जान गंवाने वालों में मो. नूरुज्जमान सरदार मोयना (30), साजिदुर रहमान (28), साहन एहिया (25), मुजीबुर रहमान (38), तायक मिया,अबू फहीम, सोहनुर रहमान, शायेक अहमद, मो. नईम मिया, अमीनुर रहमान और मोहम्मद अली हैं। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि मानव तस्करों ने युवकों को 12 से 15 लाख टका के बदले इटली पहुंचाने का वादा करके फंसाया था। सबको सबसे पहले लीबिया ले जाया गया। उन्हें जबरदस्ती ठसाठस भरी नावों में बिठा दिया गया। पुलिस ने बताया कि ग्रीक कोस्ट गार्ड ने 28 मार्च को 26 लोगों को बचाया।

## यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को अचानक अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। आईएएस रिंकू सिंह राही ने इसे अपना नैतिक निर्णय बताया है। वे वर्तमान में राजस्व परिषद से संबद्ध चल रहे हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही ने राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में लिखा है कि आठ माह पहले शाहजहांपुर में एसडीएम रहते हुए एक कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया। तबसे उन्हें न तो फील्ड पोस्टिंग दी जा रही थी और न ही कोई गरिमापूर्ण कार्य सौंपा जा रहा था। हालांकि उन्हें वेतन मिलता रहा, लेकिन काम करने और जनसेवा के अवसर से वंचित रखा गया। इस समय एक अलग सामानान्तर व्यवस्था चल रही है। उल्लेखनीय है कि रिंकू सिंह ने वर्ष 2009 में मुजफ्फरनगर में समाज कल्याण अधिकारी रहते एक बड़े घोटाले को उजागर किया था।

# वित्त वर्ष 2025-26 में एनएफआर का कनेक्टिविटी और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

एजेंसी




**मालीगांव** : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिससे पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिकीकरण, यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है। अपने विस्तार अभियान के तहत, एनएफआर ने 20 जोड़ी नई ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं–जिनमें प्रीमियम, सेमी-प्रीमियम और पारंपरिक ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों की सेवा से इस क्षेत्र के साथ-साथ देश के बाकी हिस्सों के लिए रेल कनेक्टिविटी और भी अधिक सुदृढ़ हुई है। परिचालन क्षमता को प्रमुखता देते हुए, एनएफआर ने 35 ट्रेनों की गति बढ़ाई है, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा के समय में कुल 675 मिनट की बचत हुई है, जो प्रति ट्रेन औसतन लगभग 19 मिनट है। इसके साथ ही, रेलवे ने 100% विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे भारतीय रेलवे के सतत और ऊर्जा-कुशल संचालन के मिशन में योगदान मिला है और साथ ही लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा ट्रेनों के परिचालन की समग्र दक्षता में भी सुधार हुआ है। बइरबी-सायरंग रेल लाइन के शुरू होने से मिजोरम के लिए एक ऐतिहासिक विकास हुआ है; यात्री सेवाओं को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और कई ट्रेनों में 100% से अधिक की आक्यूपेंसी दर्ज की जा रही है। माल ढुलाई में भी तेजी आई है, जिसमें सीमेंट, बैलास्ट, वाहन और अन्य सामग्रियों की ढुलाई शामिल है। सायरंग में पहली आवक ऑटोमोबाइल रेक, नागालैंड के मोलवोम में फ्रेट संचालन और मेघालय के मेंदीपथार में पहली बार पूरी मालगाड़ी लोडिंग करना जैसे माइलस्टोन हैं। इससे इस क्षेत्र के व्यापार, बाजार तक पहुँच और आर्थिक अवसरों को काफी बढ़ावा मिला है। एनएफआर में इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में भी बड़े सुधार देखने को मिले है, जिसमें हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की शुरूआत के साथ-साथ नई अमृत भारत और एलएचबी वाली ट्रेन सेवाओं को शामिल किया गया है। मुरकंगसेलेक-सिल्ले सेक्शन के चालू होने से अरुणाचल प्रदेश में कनेक्टिविटी और अधिक बेहतर होगी। इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कई स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनः विकसित किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## मथुरा को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मिले विशेष पैकेज : हेमा मालिनी

**मथुरा** : मथुरा की लोकसभा सांसद हेमा मालिनी ने शुक्रवार को लोकसभा में मथुरा को एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए एक विशेष पैकेज की मांग की, और वित्त वर्ष 26-27 के बजट में इसे शामिल करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मथुरा अब भारत में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, और वृंदावन में भी रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। जेवर का हवाईअड्डा बनने के बाद यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। हेमा मालिनी ने कहा, ‡मथुरा में एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थल बनने की क्षमता है। इसलिए, विश्व-स्तरीय पर्यटन सुविधाएं सुनिश्चित करने, सड़क और रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने, मानक सुविधाएं प्रदान करने, यमुना रिवरफ्रंट को विकसित करने, और 'ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग' को विकसित और सुंदर बनाने के लिए एक विशेष पैकेज की आवश्यकता है। मथुरा में विदेशी पर्यटकों और भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। अगर हम एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनना चाहते हैं, तो हमें अपने बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि वे इस पैकेज को इस साल के बजट में शामिल करें, जिससे यह प्रक्रिया तेज हो जाएगी। सांसद ने बताया कि ब्रज 84 कोस परिक्रमा के मार्ग और प्रमुख स्थानों को संरक्षित करने कि मेरी लंबे समय से इच्छा रही है। यह पैकेज शहर की सबसे समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों में से एक को संरक्षित करने में मदद करेगा। 84 कोस परिक्रमा 252 किलोमीटर लम्बी है और इसमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के प्रमुख मंदिर शामिल हैं।

## ट्रूकॉलर के यूजर्स 500 मिलियन पार, भारत बना सबसे बड़ा बाजार

**रांची** : दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की जरूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरूआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मजबूत हुआ है। इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, ‡वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं।‡ उन्होंने आगे कहा, ‡आज हर दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की जरूरत है। 500 मिलियन यूजर्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज्यादा जरूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकॉलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकॉलर को लगातार और भी ज्यादा स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नई खूबियों के साथ मजबूत बनाना ही हमारा संकल्प है, जो यूजर्स को हर कॉल या मैसेज से पहले, उसके दौरान और उसके बाद भी सुरक्षित रहने में मदद कर सके। आखिर में, हमारा लक्ष्य संचार का ऐसा माहौल तैयार करना है जो सभी के लिए एक ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद हो। अब हमारी निगाहें अगले पड़ाव पर टिकी हैं: और हम 1 बिलियन यूजर्स तक पहुँचना चाहते हैं।

## असम में भाजपा के 31 वादों का संकल्प पत्र सुरक्षित व विकसित असम पर जोर

**गुवाहाटी** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए संकल्प पत्र के रूप में अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने संकल्प पत्र में 31 प्रमुख वादों के माध्यम से स्वदेशी अधिकारों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, आर्थिक विकास और समावेशी प्रगति पर विशेष जोर दिया है। गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया तथा राज्य के कई मंत्रियों की उपस्थिति में संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर सीतारमण ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने असम में व्यापक परिवर्तन लाया है, जिससे राज्य के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को गति मिली है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी का विजन ‡जाति, माटी, भेटी की सुरक्षा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हम असम को शानदार राज्य बनाना चाहते हैं। हम एक निर्भर राज्य नहीं बनना चाहते। हम राष्ट्र निर्माण में हिस्सा लेना चाहते हैं। संकल्प पत्र में हमने 31 वादे किए हैं। संकल्प पत्र में अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निष्कासन को तेज करने के लिए ‡अप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम 1950 को लागू करने तथा अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने का वादा किया गया है। मिशन बसुंधरा के तहत स्वदेशी लोगों को भूमि अधिकार देने और सांस्कृतिक व धार्मिक संस्थानों की रक्षा करने की बात कही गई है। छठी अनुसूची क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों को छोड़कर समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) लागू करने की बात कही गई है। संकल्प पत्र में आर्थिक विकास को गति देने के लिए भाजपा ने असम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है, जिससे असम को देश के पूर्वी द्वार के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सड़क, रेल, जलमार्ग और हवाई संपर्क का विस्तार, गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास विश्वस्तरीय एयरोसिटी तथा सिलचर में ग्रीनफील्ड डोलू हवाई अड्डा विकसित करने की योजना शामिल है। युवा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में दो लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान के तहत युवाओं को पांच लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा, 70 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति और ‡वन डिस्ट्रिक्ट, वन यूनिवर्सिटी जैसी पहल की भी बात कही गई है। महिलाओं के लिए अरुणोदय योजना की सहायता राशि को चरणबद्ध तरीके से तीन हजार रुपये प्रतिमाह तक बढ़ाने और 15 लाख नए परिवारों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। ‡मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान के तहत 40 लाख ‡लखपति बाइदेव‡ तैयार करने की योजना है। कृषि क्षेत्र में छोटे और सीमांत किसानों को 11 हजार रुपये वार्षिक सहायता, ट्रैक्टर व पावर टिलर पर सब्सिडी तथा डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देना का वादा किया गया है। गरीब परिवारों के लिए रियायती राशन योजनाओं को जारी रखने का भी वादा किया गया है। बाढ़ समस्या के समाधान के लिए भाजपा ने 18 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ मुक्त असम मिशन की घोषणा की है, जिसमें नदी पुनर्जीवन, तटबंधों को मजबूत करना, कटाव नियंत्रण और राष्ट्रीय जलमार्ग-2 की ड्रेजिंग शामिल है। संस्कृति और विरासत संरक्षण के तहत 2027 तक गुवाहाटी में ‡अहोम ओइतिज्य संग्रहालय‡ स्थापित करने, स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने और असम के ऐतिहासिक नायकों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही गई है। जनजातीय और चाय जनजाति समुदायों के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के प्रयास, भूमि अधिकार, मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये तक करने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी संकल्प पत्र में उल्लेख है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 लाख अतिरिक्त पक्के मकान बनाने और 50 हजार करोड़ रुपये के असम स्वास्थ्य उत्कर्ष अभियान के माध्यम से राज्य को स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**